JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

आज का मौसम
अधिकतम : 25
न्यूनतम : 06
हवा में नमी : 78

वर्ष : 66 ● अंक: 66 ● श्रीगंगानगर, शनिवार, 25.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

# श्रीगंगानगर में जिला प्रमुख का उपचुनाव 16 फरवरी को

● कुलदीप इंदौरा सांसद बने तो खाली हुआ जिला प्रमुख का पद ● भरतपुर व चित्तौड़गढ़ में भी होंगे उपचुनाव




**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान में राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। भरतपुर, चित्तौड़गढ़ और श्रीगंगानगर में जिला प्रमुख के उपचुनाव 16 फरवरी को होंगे। अब राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा किए जाने के बाद पंचायती चुनाव का बिगुल इन क्षेत्रों में बज गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला प्रमुख के तीन, प्रधान के एक, उप प्रधान के एक, जिला परिषद सदस्य के चार, पंचायत समिति सदस्य के 18, सरपंच के 20, उप सरपंच के 15 और पंचों के 143 पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। भरतपुर में जगत सिंह के विधायक बन जाने और श्रीगंगानगर में कुलदीप इंदौरा के सांसद बन जाने के बाद से जिला प्रमुख के पद खाली हैं। भरतपुर के उज्जैन पंचायत समिति के प्रधान और उपप्रधान के लिए भी उपचुनाव होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी से 3 फरवरी तक नामांकन होगा, 6 फरवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 14 फरवरी को वोटिंग व 15 फरवरी को परिणाम घोषित होगा। जिला प्रमुख और प्रधान का चुनाव 16 फरवरी, उपप्रधान के लिए चुनाव 17 फरवरी को चुनाव होंगे। इसी तरह सरपंच और वार्ड पंच के लिए 29 जनवरी से 5 फरवरी तक नामांकन होगा। इनके लिए 14 फरवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन रिजल्ट घोषित होंगे। उप सरपंच का चुनाव 15 फरवरी को होगा।

## बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर रेप केस



**जनमार्ग न्यूज**

**हिसार।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया पर हिसार के आदमपुर में रेप का केस दर्ज हुआ है। हरियाणा की पीड़ित युवती ने आरोप लगाया है कि बूड़िया ने उसे विदेश भेजने का झांसा दिया। इसी बहाने उसने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवती के अनुसार, बूड़िया उससे कहते था कि मेरी पहचान सलमान खान से है। तुम्हें मैं स्टार बना दूंगा। जब युवती ने जबरदस्ती का विरोध किया तो युवती को उसने धमकाया। कहा कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। युवती ने बताया है कि बूड़िया ने चंडीगढ़ के होटल हयात और राजस्थान के जयपुर में अपने फ्लैट पर बुलाकर उसके साथ रेप किया। बाद में उसने हिम्मत कर अपने परिजनों को इस मामले की जानकारी दी।

## फलौदी सट्टा बाजार ने बदल दिए भाव

**जनमार्ग न्यूज**

**जोधपुर।** राजस्थान का फलोदी सट्टा बाजार एक बार फिर चर्चाओं में आ चुका है। दरअसल इस वक्त देश की राजधानी दिल्ली का माहौल चुनावी रैलियों और भाषणों से गर्म है। इस बीच सट्टा बाजार ने भी दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर अपना आकलन बदलकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के खेमे में हलचल मचा दी है। फलोदी सट्टा बाजार अपने सटीक आकलन के लिए जाना जाता है। जैसे-जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, राजनैतिक दलों की बैचेनी भी बढ़ती जा रही है। चुनावी समीकरणों और जातिगत राजनीति का आकलन कर चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने वाले फलोदी सट्टा बाजार ने अपने भाव बदल दिए हैं। नए भावों में अभी भी आम आदमी पार्टी के लिए राहत भरी खबर है।

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो से मिले पीएम मोदी



**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक की। बैठक से पहले पीएम मोदी ने प्रबोवो का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए। इंडोनेशिया भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि देश था। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है। मैं राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत में स्वागत करता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने ङ्ग पर पोस्ट करते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच चर्चा भारत और इंडोनेशिया के संबंधों को और मजबूत करेगी। जायसवाल ने इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक महत्वपूर्ण साझेदार के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने वाला कदम बताया। राष्ट्रपति प्रबोवो शनिवार सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे, जहां उनका गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। प्रबोवो ने यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ रक्षा और व्यापार सहयोग बढ़ाने पर बात हुई। इंडोनेशिया भारत को बहुत अच्छा दोस्त मानता है। भारत उन पहले देशों में से एक था, शायद पहला देश जिसने हमारी स्वतंत्रता को मान्यता दी, स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में हमारा समर्थन किया, हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत ने हमारी मदद के लिए क्या किया। राष्ट्रपति प्रबोवो ने भारत के साथ घनिष्ठ सहयोग और साझेदारी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## नाकाबंदी के दौरान 6.65 ग्राम हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**



**हनुमानगढ़।** जिले की नोहर पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 6.65 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने हरियाणा नंबर की एक कार भी जब्त की है। बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश और एसपी अरशद अली के निर्देशन में चलाए जा रहे जीरो टोलरेंस अभियान के तहत थानाधिकारी ईश्वरानंद शर्मा के नेतृत्व में उप-निरीक्षक राजपाल सिंह और डीएसटी सेक्टर नोहर की टीम ने गश्त के दौरान शक के आधार पर एक कार पकड़ा। कार से 6.65 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान वीरेंद्र सिंह (24) पुत्र करणी सिंह, निवासी वार्ड नंबर 8 भूकरका और कालू भाट (27) पुत्र सतूराम भाट, निवासी वार्ड नंबर 1 ढाणी सिखान नोहर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से हेरोइन के अलावा हरियाणा नंबर की एक कार भी जब्त की है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फेफाना थानाधिकारी नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों, जुआ, सट्टा और क्रिकेट सट्टेबाजी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## लाइनमैन ने बिजली चोरी के मामले में मांगी रिश्वत

**जनमार्ग न्यूज**

**जोधपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी जोधपुर की ओर से आज जोधपुर डिस्कॉम के लाइनमैन को परिवादी से 10 हजार की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिजली चोरी के मामले में शीट फाड़ने का डर दिखाकर परिवादी से 15000 की रिश्वत राशि मांगी थी। इसको लेकर परिवादी की ओर से एसीबी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। एसीबी के उपमहानिरीक्षक हरेंद्र महावर के सुपरविजन में जोधपुर ग्रामीण इकाई के एडिशनल एसपी पारस सोनी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम ने परिवादी की ओर से मिली शिकायत का सत्यापन किय। इसके बाद आज ट्रैप कार्रवाई करते हुए केतु कला के टेक्नीशियन प्रथम लाइनमैन खेमचंद को परिवादी से 10000 की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों के गिरफ्तार किया।

## कटरा–श्रीनगर वंदे भारत का ट्रायल पूरा



**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीनगर।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें... कश्मीर जाने के लिए ट्रेन संख्या 244027, वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़ी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को दूसरी ट्रेनों का इंतजार कर रहे सैकड़ों यात्री यह सुनकर भारत माता की जय के नारे लगाए। यह खुशी इसलिए थी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को पहली बार वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है। शनिवार को इसका ट्रायल पूरा हुआ। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। यानी 160 किलोमीटर का सफर 3 घंटे में पूरा किया। जम्मू-कश्मीर में चलने वाली यह ट्रेन खास तौर पर कश्मीर के मौसम के हिसाब से डिजाइन की गई है। बर्फबारी में भी यह आसानी से चलेगी। ट्रेन में लगा हीटिंग सिस्टम पानी की टंकियों और बायो-टॉयलेट को जमने से रोकेगा।

## मिड्डूखेड़ा हत्याकांड में 3 गैंगस्टर दोषी

**जनमार्ग न्यूज**

**मोहाली।** पंजाब के युवा अकाली नेता विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की मिड्डूखेड़ा (33) की चार साल पहले मोहाली में दिनदहाड़े बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मोहाली जिला न्यायालय ने तीन बदमाशों को हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार दिया है। दोषियों में अजय उर्फ सन्नी उर्फ लेफ्टी, सज्जन उर्फ भोलू और अनिल लाठ शामिल हैं। दोषियों को सोमवार (27 जनवरी) को सजा सुनाई जाएगी। जबकि गैंगस्टर भूप्पी राणा, अमित डागर और कौशल चौधरी को सबूतों के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। विक्की की हत्या 4 साल पहले 7 अगस्त 2021 को उस समय हुई थी, जब वह सेक्टर-70 में अपने प्रॉपर्टी डीलर दोस्त के पास गया था। जैसे ही वह ऑफिस से बाहर निकला, वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उस पर फायरिंग कर दी। विक्की ने भागने की काफी कोशिश की।

## अग्निवीर पेड़ पर लटका मिला

**जनमार्ग न्यूज**

**नीमकाथाना।** बीकानेर महाजन में अभ्यास कर रहा अग्निवीर अचानक गायब हो गया और घर के पास आकर सुसाइड कर लिया। आज सुबह सात बजे घर से 300 मीटर दूर उसका शव पेड़ से लटका मिला। आस-पास के लोगों ने शव को लटका देखकर पुलिस को बताया। हादसे का पता लगने पर परिजन और ग्रामीण धरने पर बैठे है। घटना सीकर जिले के नीमकाथाना की है। पुलिस ने शव जिला हॉस्पिटल में रखवाया है। थानाधिकारी राजेश कुमार डूडी ने बताया कि अग्निवीर खादरा की ढाणी डालू वाली निवासी संदीप कुमार सैनी (22) था। 9 महीने पहले ही सेना में अग्नि वीर योजना में भर्ती हुआ था। छुट्टी के बाद 2 जनवरी को ड्यूटी पर गया था। मृतक संदीप के भाई योगेश कुमार सैनी ने बताया-संदीप 9 महीने पहले ही अग्नि वीर योजना में लगा था।

# गणतंत्र दिवस समारोह में होगा 81 प्रतिभाओं का सम्मान

● अधिकारी–कर्मचारी व खिलाड़ियों सहित संस्थाएं होगी सम्मानित

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा संस्थाओं व खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला कलक्टर द्वरा सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों की सूची में श्रीविजयनगर की उपखंड अधिकारी शकुंतला चौधरी, तहसीलदार (राजस्व) श्रीगंगानगर बृजलाल शर्मा, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्रीकरणपुर संदीप बिश्नोई, महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा, सहायक लेखाधिकारी प्रथम राजेन्द्र कुमार जोशी, कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार, हैल्थ मैनेजर सविन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार, ओनरेरी मुख्य आरक्षी राजकुमार, जेंडर स्पेशलिस्ट सुप्रिया बरावड़, लेखाधिकारी (पवस) लोकेश बंसल, वरिष्ठ अध्यापक चन्द्रपाल, सहायक कर्मचारी सुमन, जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनसीडी) महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता केन्द्र 4 एमएल सुमनलता, स्नातकोत्तर शिक्षक शौरत हुसैन, बैन 1254 जसराम, वरिष्ठ सहायक नवनीत सिंह, वीसी इंजीनियर मुकेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र 6 एमएल सुमन गुनेजा, कर सहायक अंकुश बिश्नोई, भूअनि रविन्द्र सिंह, पटवारी योगेश, शिशपाल प्रबोधक, व्याख्याता सुरेश पुरोहित, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार गोयल, कनिष्ठ सहायक प्रथम दजलीत सिंह बराड़, वाहन चालक महेन्द्र सिंह शेखावत, कनिष्ठ सहायक दुष्यंत शर्मा, कनिष्ठ सहायक किशनलाल मीणा, चिकित्सा अधिकारी संजय राठी, तकनीशियन तृतीय मोहनलाल, कनिष्ठ अभियंता सिमरन गुप्ता, वाहन चालक राजेश स्वामी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) डॉ. विनोद कुमार शर्मा, सफार्म कर्मचारी संजय, सफार्म कर्मचारी राजरानी, वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार, कनिष्ठ सहायक विवेक कुमार, देवेन्द्र शेखावत निवासी वार्ड नं. 16 सूरतगढ़ शामिल है।

इसी प्रकार अणुव्रत समिति श्रीगंगानगर, ये जीवन है चेरीटेबल ट्रस्ट श्रीगंगानगर, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेन्द्र कौशिक, नवचेतना सोसायटी अध्यक्ष धनंजय कुमार, मीनाक्षी सेतिया अरोड़वंश गर्ल्स पीजी कॉलेज श्रीगंगानगर प्राचार्या डॉ. मीनल कोचर, गौ रक्षा समिति (ओपन गौशाला) श्रीकरणपुर कृष्ण सुदामा, प्रगतिशील किसान राधेश्याम, सेनानिवृत्त प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बंसल, अग्र विकास परिषद श्रीगंगानगर, रविन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार वीपीओ 11 क्यू तहसील व जिला श्रीगंगानगर व श्री हनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति सूरतगढ़ को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में लवीश सहारण पुत्र दलीप सहारण, यूरेन्द्र कुमार पुत्र सुनील कुमार, सुश्री निकिता पुत्री चांदीराम, प्रबल प्रताप पुत्र शिवकरण, आर्यन चौधरी पुत्र मुनेन्द्र सिंह, बबनूर सिंह बराड़ पुत्र जसविन्द्र सिंह बराड़, सुश्री ज्योति पुत्री कृष्ण लाल, मनविन्द्र सिंह पुत्र सुखचैन सिंह, इशा शर्मा पुत्र नवदीप कुमार शर्मा, रोहित पुत्र हाकीन सिंह, मयंक सहारण पुत्र रमेश कुमार, कार्तिक पुत्र रविकांत, खुशदीप पुत्र जसकरण, सुश्री नेहा पुत्री राजकुमार, बबलदीप सिंह पुत्र शमशेर सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार सूची में स्काउट गाइड के नरेन्द्र कुमार पुत्र दलीप सिंह, जियान पुत्र हीरालाल, एनसीसी के विनम पुत्र रमेश चन्द्र, दिव्या पुत्री भीम सिंह तथा एनएसएस के अनमोल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह शामिल है। सूची में अन्य गतिविधियों में शामिल होने वाले एकलव्य पुत्र ईश्वर लाल बाघला तथा अन्य अकादमिक में सुश्री मान्यता शर्मा पुत्री दिनेश शर्मा, आंचल पुत्री राजकुमार, अभिमन्यु पंवार पुत्र विनोद कुमार, अंजली पुत्री राजेश कुमार बंसल, आरती पुत्री इन्द्रजीत सिंह, खुशबु भटेजा पुत्री जसपाल भटेजा, रेशम शर्मा पुत्री पवन शर्मा तथा हर्षलीन कौर पुत्री रणजीत सिंह को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## एफआईआईटीजेईई कोचिंग देश के 5 राज्यों में बंद

**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में कोचिंग इंस्टीट्यूट एफआईआईटीजेईई ने अपने एग्जाम सेंटर अचानक बंद कर दिए गए हैं। कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स की मुश्किलें ब? गई हैं। एफआईआईटीजेईई, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी आईआईटी-जेईई एग्जाम की तैयारी कराने वाला एक जाना माना इंस्टीट्यूट है।

गणतंत्र दिवस एवं बाबा दीपसिंह जी के जन्मदिवस की सभी देशवासियों को





हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

संचालक इंद्रजीत सिंह
आधार सेवा केंद्र
ग्राम पंचायत, समेजा कोठी

## सम्पादकीय

# हादसों का सिलसिला?

विचित्र है कि आयुध निर्माण के दौरान के जोखिम से वहां का प्रबंधन परिचित होगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी नहीं समझा गया कि कोई भी ऐसी चूक न हो, जो बड़े नुकसान का कारण बन जाए। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक हथियार फैक्ट्री में हुआ हादसे से यही रेखांकित हुआ है कि बार-बार होने वाली ऐसी दुर्घटनाओं के बावजूद लापरवाही बदस्तूर कायम है और इसकी वजह से बड़े पैमाने पर जानमान का नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि आयुध कारखाने के दीर्घकालिक योजना वाले हिस्से में अचानक एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें सेना के इस्तेमाल के लिए आरडीएक्स और अन्य बेहद संवेदनशील विस्फोटक तैयार किए जाते हैं। इसकी तीव्रता और असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिस इमारत में धमाका हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई। इस हादसे में कम से कम आठ लोगों के मारे जाने की खबर आई और तेरह-चौदह लोगों के फंसे होने के आशंका है। ऐसी जगहों पर बचाव अभियान चलाना भी बेहद संवेदनशील मामला होता है, क्योंकि कभी भी किसी हथियार में विस्फोट और ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका बनी होती है। विचित्र है कि आयुध निर्माण के दौरान के जोखिम से वहां का प्रबंधन परिचित होगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी नहीं समझा गया कि कोई भी ऐसी चूक न हो, जो बड़े नुकसान का कारण बन जाए। ऐसा नहीं कि भंडारा के आयुध कारखाने में विस्फोट कोई पहली घटना है। आए दिन देश के अन्य हथियार बनाने वाले कारखानों में ऐसे हादसे सामने आते रहे हैं। खुद भंडारा की इसी फैक्ट्री में करीब एक वर्ष पहले विस्फोट हुआ था। अफसोसनाक यह है कि इसके बावजूद वहां सावधानी बरतने की व्यवस्था नहीं की गई। जबकि किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि उसके बाद उन तमाम बातों और बारीकियों का खयाल रखा जाए, उन पर रत्ती भर भी लापरवाही न बरती जाए, जिससे उस तरह की घटना दोबारा होने से रोका जा सके।

# दिलचस्प बनी त्रिकोणीय चुनावी जंग

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी।

एक दशक बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव को दिलचस्प बनाने का श्रेय उस दल को है, जिसका पिछले दो चुनावों में खाता तक नहीं खुल पाया। पिछले दो चुनाव में एकतरफा जीती आम आदमी पार्टी (आप) को इस बार बहुमत का आंकड़ा पाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर इसीलिए लगाना पड़ रहा है कि लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ी कांग्रेस ने भी उसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बेशक पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को साढ़े चार प्रतिशत से भी कम वोट मिले थे, लेकिन जब लड़ाई कांटे की हो जाये, तब दो-चार प्रतिशत मतों से भी बाजी पलट जाती है।

दोस्ती के अचानक फिर से दुश्मनी में बदल जाने के पीछे की असली कहानी तो कांग्रेस और आप का आलाकमान ही बेहतर जानता होगा, लेकिन दोनों एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे। स्थानीय नेता तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही एक-दूसरे पर निशाना साधने लग गये थे, अब इसमें आलाकमान की भी 'एंट्री' हो गयी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक बहुल सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीधा आरोप लगाया कि आप के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने भी जवाब देने में देर नहीं लगायी। केजरीवाल ने पलटवार किया कि राहुल कांग्रेस को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। केजरीवाल को मोदी की तरह ही झूठे वायदों के लिए कठघरे में खड़ा करने से ऐसा लग सकता है कि कांग्रेस अपने दोनों राजनीतिक विरोधियों पर समान रूप से हमलावर है, लेकिन असल में उसके निशाने पर आप ज्यादा है। जिस शराब नीति घोटाले में केजरीवाल समेत प्रमुख आप नेता जेल गये, उसकी शिकायत कभी कांग्रेस ने ही की थी। हाल ही में आप की महिला सम्मान योजना की शिकायत भी कांग्रेस ने ही उप राज्यपाल से की।

नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से केजरीवाल के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पंजाब पुलिस द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों की जासूसी तथा चुनाव के लिए पंजाब से दिल्ली कैश लाये जाने की शिकायत भी उप राज्यपाल से की। जाहिर है, तत्काल जांच भी शुरू हो गयी। कथित शीशमहल के मुद्दे पर भी कांग्रेस, भाजपा से कम आक्रामक नहीं है। कांग्रेस इस बार आप के प्रमुख नेताओं की चुनावी घेराबंदी भी कर रही है। संदीप दीक्षित तो तीन बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के पुत्र हैं ही, मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया के विरुद्ध पूर्व मेयर फरहाद सूरी को चुनावी मैदान में उतारा है। चुनावी रणनीति की दृष्टि से यह भी महत्वपूर्ण है कि कांग्रेस का फोकस उन दो दर्जन सीटों पर ज्यादा है, जो झुग्गी-झोपड़ी और अल्पसंख्यक बहुल हैं। गरीब, दलित और अल्पसंख्यक दिल्ली में कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक रहे, लेकिन 2013 में बनी आप धीरे-धीरे उन्हें अपने पाले में ले गयी। बेशक इसके लिए खुद कांग्रेस भी कम जिम्मेदार नहीं। यह देखते हुए भी कि उसी



की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर जन लोकपाल आंदोलन करने वाले अन्ना हजारे के कुछ शिष्यों द्वारा बनायी गयी आप ने पहले ही चुनाव में पैरों तले की जमीन छीन ली है।

कांग्रेस ने 2013 के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में बनवा दी। जब आप ही दिल्ली की राजनीति में भाजपा को चुनौती देती दिखी तो कांग्रेस के वोट बैंक का और भी बड़ा हिस्सा उसके पाले में चला गया। बेशक उसमें केजरीवाल की लोक लुभावन घोषणाओं की बड़ी भूमिका रही, लेकिन परिणाम यह निकला कि लगातार तीन बार सरकार बनाने वाली कांग्रेस, जो 2013 में आठ सीटों पर सिमट गयी थी, 2015 और 2020 में खाता तक नहीं खोल पायी। यह समझना मुश्किल नहीं कि आप मूलतः कांग्रेस से छीने गये जनाधार पर ही खड़ी है। गिरते मत प्रतिशत के चलते कांग्रेस के कुछ नेता भी दूसरे दलों में चले गये। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ने के छह महीने बाद ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के आक्रामक तेवरों के मूल में आलाकमान पर बढ़ता यह दबाव भी है कि देश की राजधानी में ही पार्टी अस्तित्व के संकट से रूबरू है। अगले लोकसभा चुनाव बहुत दूर हैं, तब की रणनीति तब देखी जायेगी। फिलहाल वक्त का तकाजा अपनी जमीन बचाने और खोयी जमीन वापस पाने का है, जिसके लिए 'इंडिया' गठबंधन में मित्र, छोटे और क्षेत्रीय दलों से भी कांग्रेस को टकराना पड़ेगा।

जाहिर है, दिल्ली और पंजाब की सत्ता कांग्रेस से छीनने वाली आप ने गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस के जनाधार में बड़ी सेंध लगाकर भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया है। 2015 में 70 में से 67 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत हासिल करने वाली आप की पांच साल बाद पांच सीटें घट गयीं। जाहिर है, भाजपा की उतनी ही सीटें बढ़ गयीं। भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी उम्मीद है कि दस साल के शासन के बाद वह सत्ता विरोधी भावना और बढ़ी ही होगी। फिर इस बीच शराब नीति घोटाले और शीशमहल जैसे आरोपों ने केजरीवाल की 'श्रीमान ईमानदार' की उस छवि को भी खंडित तो किया ही है, जिसके सहारे वह ज्यादातर दलों और नेताओं को भ्रष्ट बताते रहे। इसीलिए आप सरकार की विफलताएं गिनाने से ज्यादा, भाजपा और कांग्रेस का जोर केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने पर है। भाजपा ने भी केजरीवाल के विरुद्ध अपने पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पूर्व सांसद बेटे प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है तो आतिशी के विरुद्ध भी एक पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है।

यह अलग बात है कि विवादास्पद बयानों से बिधूड़ी की छवि अभी तक तो नकारात्मक ही बनी है। लोक लुभावन वायदों में तो अब कोई दल किसी से पीछे रहता ही नहीं। तीनों दलों के, अलग-अलग नामकरण से जारी चुनाव घोषणापत्रों में मुफ्त की रेवड़ियों की भरमार भी इसकी पुष्टि करती है। शह-मात के इस खेल में हर दिन नयी लोक लुभावन घोषणाओं की नयी परंपरा शुरू हो गयी है। ऐसे में अब चुनाव साख और प्रबंधन पर ज्यादा निर्भर है। कांग्रेस की कोशिश अपना वोट बैंक वापस छीनने की है, तो भाजपा की पूरी कवायद आप को बहुमत के आंकड़े (36 सीट) से नीचे रोकने की है। पिछले तीनों लोकसभा चुनावों में सभी सात सीटें जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव में अपमानजनक हार झेलने को मजबूर भाजपा किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता से अपना वनवास समाप्त करना चाहती है, जिसे 27 साल होने वाले हैं। अब देखना यह है कि तीन प्रमुख दलों में से किसकी मनोकामना पूरी हो पाती है।

# नीरज की सादगी भरी शादी करेगी नौजवानों को प्रेरित

गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने बीते दिनों टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से सादगी से शादी करके एक बार फिर साबित कर दिया कि वो खेल के मैदान से बाहर भी करोड़ों हिन्दुस्तानियों के नायक हैं। उन्हें प्रेरित करते हैं। नीरज चोपड़ा चाहते तो किसी फाइव स्टार होटल में सैकड़ों लोगों के बीच भव्य विवाह कर सकते थे। उनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है। पर उन्होंने तड़क-भड़क से दूर रहना पसंद किया। महेन्द्र सिंह धोनी ने भी सादगी से विवाह किया था। धोनी और नीरज चोपड़ा दोनों ही कमाल के इंसान हैं। धोनी की शादी में गिनती के ही लोगों को निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने टीम इंडिया के भी अपने कई साथियों को आमंत्रित करना जरूरी नहीं समझा था। आप जिंदगी के किसी क्षेत्र में सफल होकर धन कमाएं इसमें किसी को क्या एतराज होगा। लेकिन, आप पैसे की बर्बादी करें इसे कौन वाजिब ठहरा सकता है। यह बात भी नहीं है कि बड़े सेलिब्रेटीज सादगी से शादी नहीं कर रहे। अब भी हमारे समाज में ही इस तरह के कुछ खास लोग मौजूद हैं। कुछ साल पहले महिन्द्रा एंड महिन्द्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा की पुत्री आलिका महिन्द्रा ने एक अनाम युवक से अमेरिका में विवाह कर लिया। उसमें महिन्द्र परिवार से कुछ ही लोग पहुंचे। विवाह बेहद सादे अंदाज में हुआ। उसमें कोई तड़क-भड़क नहीं थीं। सादगी से शादी करना क्यों जरूरी है, इसके कई कारण हो सकते हैं, जो व्यक्तिगत मान्यताओं, मूल्यों और प्राथमिकताओं पर निर्भर करते हैं। भव्य शादियों में बहुत अधिक खर्च होता है। सादगी से शादी करने पर आप पैसे बचा सकते हैं और उन्हें भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं। सादगी से शादी करने पर आपका ध्यान दिखावे की बजाय उन लोगों पर होता है जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं-आपका परिवार और करीबी दोस्त। जरूरी नहीं कि भव्य शादियां ही यादगार हों। सादगी से शादी करने पर आप उन पलों को अधिक महत्व देते हैं जो वास्तव में मायने रखते हैं, जिससे यह अनुभव और भी यादगार बन जाता है। कई बार भव्य शादियों में लोग दूसरों को खुश करने या सामाजिक दबाव में आकर अपनी पहचान खो देते हैं। सादगी से शादी करने पर आप अपनी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुसार निर्णय ले सकते हैं। कुल मिलाकर, सादगी से शादी करना आपकी जीवनशैली, मूल्यों और भविष्य की योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। नीरज चोपड़ा की शादी के बहाने याद आ रही है विराट कोहली और हरभजन सिंह की शादियां। इन दोनों की शादी रिसेप्शन में बहुत बड़ी तादाद में मेहमान पहुंचे थे। हालांकि इनके विवाह के बाद कुछ लोगों ने कहा था कि इन्हें शादी में पैसे की बर्बादी से बचना चाहिए था। क्या सेलिब्रेटी सादगी से जीवन बिता ही नहीं सकते? आखिर आप लाखों-करोड़ों लोगों के रोल मॉडल हैं। आखिर हमारे इधर शादियों में इतने पैसे की बर्बादी क्यों होने लगी है। मिडिल क्लास परिवारों की शादियों में भी 30-35 लाख रुपया एक पक्ष का खर्च होने लगा है। कायदे से देखा जाए तो सामाजिक-धार्मिक-राजनीतिक नेताओं को शादियों में होने वाली फिजूलखर्जी पर रोक के खिलाफ आगे आना चाहिए। बेशक,विवाह समारोह के खिलाफ कोई भी नहीं होगा। विवाह समारोह तो खुशी के लिए होता है। पर इसके खर्च में तो कटौती होनी चाहिए। शादी में कर्ज लेकर केवल खुशी के नाम पर पानी की तरह पैसा खर्च करना समझदारी नहीं है। यह सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जा सकती। जहां शादियों में फिजूलखर्जी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं ज्यादा से ज्यादा दहेज देने का सिलसिला भी चल रहा है। इस पर किसी तरह की कोई लगाम नहीं लग रही है। कुछ इस तरह की खबरें मीडिया में आती रहती हैं कि किसी युवती ने उस बारात को लौटाया जो वहां वधू पक्ष से दहेज की मांग कर रहा था। पर कुल मिलाकर हालात कोई बहुत बेहतर नहीं हैं। 1961 में दहेज लेना और देना दोनों को कानूनन अपराध माना गया। मगर आज भी दहेज की मांग की जाती है। कुछ लड़के डिमांड करते हैं, तो कुछ उसके परिवार वाले। कुछ साल पहले तक लग रहा था कि दहेज लेने-देने का चलन खत्म हो जाएगा। अफसोस कि नए दौर के नौजवान भी दहेज लेने-देने से बाज नहीं आ रहे। प्रेम विवाहों में भी दहेज लिया-दिया जा रहा है। अब तो छोटे शहरों की शादियों पंडालों के बाहर ही आप नई चमचमाती कार को देख सकते हैं,जो खड़ी की गई होती है वधू पक्ष की तरफ से दूल्हे को देने के लिए। बहरहाल , नीरज चोपड़ा ने एक सादगी से विवाह करके एक उदाहरण तो पेश किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके इस शानदार कदम से बहुत से नौजवान प्रभावित होकर सादगी से विवाह करेंगे।

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तुझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

# किसी की निजी जिंदगी पर कमेंट क्यों नहीं करना चाहिए

**सोशल** मीडिया की दुनिया से हम सभी बखूबी परिचित हैं। यहां कुछ भी वायरल हो सकता है, खासकर जब वह किसी मशहूर हस्ती से जुड़ी हुई बात हो। पिछले दिनों भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के रिश्तों में तकरार की खबरें आईं। इसके बाद से दोनों के बीच तलाक की अफवाहें भी सोशल मीडिया पर लगातार चल रही हैं। हालांकि, कपल की तरफ अब तक इस पर कोई भी टिप्पणी आई है। युजवेंद्र और धनश्री दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। दोनों साथ में वीडियोज और फोटोज डालते रहते हैं, जो उनके फैंस को खूब पसंद आता है। हालांकि, रिश्ते में तनाव की खबरों के बीच दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। साथ ही चहल ने अपने अकाउंट से धनश्री की तस्वीरें भी हटा दी हैं। इसके बाद से धनश्री वर्मा सोशल मीडिया यूजर्स के निशाने पर हैं। अक्सर देखा गया है कि ऐसे किसी भी मामले में सोशल मीडिया यूजर्स अपनी सुविधा के हिसाब से एक पक्ष चुन लेते हैं। ऐसे मामलों में अगर पुरुष कोई बड़ा सेलिब्रेटी है तो उसके फैंस महिला को ट्रोल करने लगते हैं और भला-बुरा लिखने लगते हैं। कई यूजर्स इस दौरान परिवार और पेशेवर जिंदगी को भी निशाना बनाते हैं। वहीं, कई मामलों में मीडिया ट्रायल भी होता है। हर किसी को अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने का हक है। किसी की पर्सनल लाइफ और जीने के तरीके के बारे में भला-बुरा कहना बिल्कुल गलत है। किसी के बारे में कुछ भी बोलने-लिखने से पहले हमें खुद को उसकी जगह रखकर सोचना चाहिए। हमें यह समझना चाहिए कि हमारी बात उसे कैसा महसूस कराएगी। याद



रखें, हर इंसान के पास अपनी समस्याएं और चुनौतियां होती हैं, जिनके बारे में केवल वही व्यक्ति बेहतर समझ सकता है। इसलिए हमें दूसरों की निजी जिंदगी के बारे में कमेंट करने से बचना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी की ट्रोलिंग करना खतरनाक हो सकता है। इससे न केवल हमारी आदत और सोशल इमेज खराब होती है, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। ट्रोलिंग और अपमानजनक टिप्पणियों से कई लोग मानसिक रूप से प्रभावित होते हैं। ऐसे में, अगर आप या आपका कोई करीबी ट्रोलिंग का शिकार हो रहा है, तो आप ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कदम उठा सकते हैं। साथ ही अगर आपका कोई करीबी किसी की ट्रोलिंग कर रहा है तो उसे ऐसा करने से रोकें। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। साइबर कानून और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत ट्रोलर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज की जा सकती है। अगर कोई व्यक्ति आपको मेंटली या इमोशनली परेशान करता है, तो आप पुलिस या साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जब हम किसी को ट्रोल करते हैं, तो न सिर्फ दूसरे व्यक्ति को दुख पहुंचाते हैं, बल्कि अपनी मानसिक शांति भी खो देते हैं। धीरे-धीरे हमें दूसरे की बुराई करने और उसे परेशान करने में मजा आने लगता है। इससे हमारे इनर सोल को नुकसान पहुंचने के साथ हमारी इमेज को भी नुकसान पहुंचता है। लोग हमें नापसंद करने लगते हैं। अगर सामने वाला परेशान होकर कानूनी कार्रवाई करता है, तो ट्रोलर्स के लिए मुश्किल हो सकती है। इंटरनेट भी हमारे घर-परिवार और स्कूल-कॉलेज की तरह है। हमें इंटरनेट का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहिए। इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि इससे किसी का नुकसान न हो और एक बेहतर नेटिजन बनने की कोशिश करनी चाहिए। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होती हुई किसी भी खबर को बिना फैक्ट चेक किए आगे न बढ़ाएं। यदि आप किसी खबर पर प्रतिक्रिया देना चाहते हैं, तो पहले उसकी सच्चाई जांचें। कई बार अनजाने में अफवाह फैलाकर आप दूसरों की जिंदगी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया पर आप जिस किसी के साथ भी बातचीत करते हैं, उसके साथ सम्मानजनक तरीके से पेश आएं। किसी की निजी जिंदगी या उनके फैसलों पर टिप्पणी करने से बचें। इसका ध्यान रखें कि आपकी बातों से किसी को दुख न पहुंचे। हम सभी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हम सोशल मीडिया पर पॉजिटिव माहौल रखें। किसी का मजाक उड़ाना, अफवाहें फैलाना और नेगेटिव कमेंट्स करना गलत है। इससे समाज में नफरत बढ़ती है और तनाव फैल सकता है। यदि किसी सेलिब्रिटी या सार्वजनिक व्यक्ति के बारे में कोई खबर फैल रही है, तो उनका आधिकारिक बयान या इंटरव्यू ही अंतिम सच होता है। सोशल मीडिया पर फैली किसी भी अफवाह को तब तक सच न मानें, जब तक उस पर संबंधित व्यक्ति की कोई टिप्पणी नहीं आए। कई बार सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो के कुछ हिस्से काटकर थोड़ी सी बात निकालकर उसे गलत तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
श्रीगंगानगर, शनिवार, 25 जनवरी 2025
JANMARG news
जनमार्ग


# श्री कुंडिया सारस्वत समाज समिति ने नशे व चोरों के खिलाफ थाने के सामने सांकेतिक धरना

## थाना अधिकारी ने चोरों को पकड़ने का दिया आश्वासन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री कुंडीय सारस्वत समाज समिति सूरतगढ़ के अध्यक्ष डॉ महावीर सारस्वा के नेतृत्व में पुलिस थाने के सामने शहर में बढ़ रहे नशे व चोरों के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया। अध्यक्ष डॉ महावीर सारस्वा ने बताया शहर में 23 अगस्त को डॉ अंकित शर्मा वार्ड नं 26 के घर लाखों रुपए की चोरी हुई थी इस संबंध में श्री कुंडिया सारस्वत समाज समिति(रजि.) सूरतगढ़ का प्रतिनिधि मंडल ने 26 अगस्त, 18 सितम्बर को उप पुलिस अधीक्षक व 25 सितम्बर को जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर से मिला लेकिन अभी तक पुलिस ने इन चोरों को गिरफ्तार नहीं किया तथा हाल के दिनों में शहर में हो रही चोरीयो व नशे में निरंतर वृद्धि हो रही है। धरना पर पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू ने कहा पुलिस नशे व चोरों को पकड़ने में नाकाम है अगर अतिशीघ्र नशे व चोरोंयो पर लगाम नहीं लगाया तो आने वाले दिनों में सूरतगढ़ में पुलिस के खिलाफ शहर के सभी जागरूक नागरिकों को साथ लेकर अनिश्चितकालीन धरना लगाया जाएगा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन ओझा ने कहा शहर के नागरिकों की ओर से भी कई बार नशे व चोरों के खिलाफ ज्ञापन प्रस्तुत किया लेकिन पुलिस कार्यवाही नही कर रही है इसमें पुलिस पर भी सवालिया निशान पैदा हो रहे है। क्षेत्रीय समाज सूरतगढ के अध्यक्ष भीम सिंह राठौड़ ने कहा सूरतगढ की जनता में चोरियों व नशे को लेकर भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है यह घटनाएँ न केवल संपत्ति की हानि का कारण बन रही हैं, बल्कि नागरिकों के मानसिक शांति को भी भंग कर रही हैं।




जनता मोर्चा सयोजक ओम राजपुरोहित ने कहा हिंदुस्तान में ऐसा कोई भी क्राईम नहीं है जो सूरतगढ़ में नहीं हो रहा उन्होंने श्री कुंडिया सारस्वत समाज को धन्यवाद दिया कि उन्होंने पुलिस प्रशासन व बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ धरना लगाकर संघर्ष की पहल की है।

मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष भरत मूंदड़ा ने शहर में बढ़ रहे हैं नशे के मूल सप्लायर को गिरफ्तार करें ताकि नशे की वजह से शहर में चोरियां ना हो सके वह नशे में चोरों के खिलाफ एक टीम गठित करते हुए कार्रवाई करें। बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष रामनाथ बिश्नोई ने कहा नशा आने वाले दिनों में हमारे युवा पीढ़ी को खत्म करने का काम कर रहा है आज जो श्री कुंडिया सारस्वत समाज समिति द्वारा लगाए गए धरने पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में बिश्नोई समाज भी इस तरीके से धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा।

डॉ अंकित शर्मा ने कहा मेरे घर हुई लाखों रुपए की चोरी के संबंध में मैं और मेरा पूरा परिवार परेशान है इसकी वजह से मेरी आगे की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। आम आदमी पार्टी के प्रवेश प्रवक्ता राधेश्याम उपाध्याय ने कहा शहर के युवा धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ रहे हैं जिसकी वजह से चोरियां बढ़ रही है समय रहते पुलिस प्रशासन नहीं जागा तो हम पुलिस प्रशासन को जगाने का काम करेंगे। शाम 4 बजे प्रतिनिधि मण्डल ने गृहमंत्री राजस्थान के नाम मार्फत तहसीलदार के ज्ञापन दिया। श्री कुंडिया सारस्वत समाज के प्रतिनिधि मंडल सिटी थाना प्रभारी सी आई दिनेश सारण से वार्ता हुई जिसमें थानाधिकारी महोदय ने प्रीतिनिधि मण्डल को विश्वास दिलवाया है कि अतिशीघ्र डॉ अंकित शर्मा के चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा तथा त्रिमूर्ति मंदिर के पास बनी चौकी में पुलिस स्टाफ लगा दिया जायेगा तथा नशे पर भी पाबंदी लगाई जाएंगी। धरना स्थल पर परसराम भाटिया,करणीदान ठाकरानी,शंकर ओझा,भारत भूषण उपाध्याय, लीलाधर शर्मा, रामकुमार तावनिया, चितरंजन मोट,महावीर ठाकरानी, हंसराज सारस्वा, पुरुषोत्तम ओझा रमेश शर्मा,श्री भगवान मोट, नरेंद्र ओझा, सत्यनारायण कायल,जे पी ठाकरानी,मांगी छिम्पा,विनोद सारस्वत, चिरंजीलाल ठाकरानी, महावीर भोजक,अनन्त राम कायल,सत्यनारायण कायल,प्रभु ओझा,गोरी शंकर कौशिक,महावीर ओझाईया,बलदेव राज ठाकरानी,कामरेड मदन ओझा,शिव शंकर ओझा, डॉ उग्रसेन सारस्वत,भरत राजपुरोहित,कृष्ण लाल स्वामी,आरके सैनी,सूरज गोसाई,वेद ओझाईया,रामस्वरूप तावनिया,योगेश मेघवाल,महावीर जंवरिया व अन्य उपस्थित थे।

# चूनावढ सरकारी स्कूल के दर्जन पर विद्यार्थियों में हुई मारपीट

## दो छात्रों के सिर में चोटें लगी का सिर फूटा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय राज किय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दरजनभर विद्यार्थियों में सारी छुट्टी होने के बाद वार्ड नंबर 11 में आपस में मामूली बात को लेकर झगड़ा होने से एक दूसरे से मारपीट हो गई जिसमें दो छात्रों के सिर में चोटें लगी है घायलों को सरकारी अस्पताल में उपचार दिया गया है सूचना मिलने पर पुलिस के हवलदार मनोहर लाल खन्ना अस्पताल में आए और मामले की जानकारी लेकर घायल युवकों को परिवार देने के लिए कहा गया है जानकारी के अनुसार सरकारी स्कूल के दर्जनभर विद्यार्थियों के दो गुट आपस में भिड़ गए जिसमें घायल विद्यार्थी पियूष व संदीप कुमार ने बताया कि सारी छुट्टी होने के बाद घर जा रहे थे कि रास्ते में मनीष वर्मा लकी नायक बबलू नायक सुनील नायक सोनू अंशदीप, नमन , चदर, कर्ण ,धनराज ,नरेंद्र कुमार व चार पांच अन्य युवक कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों ने इनसे मारपीट की है और पीयूष व संदीप के सिर में लोहे की पाइप से चोटे मार कर घायल कर दिया घायलों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए थाना में परिवाद दिया गया है विद्यार्थियों के दो गुटों में पूर्व में भी गाली गलौज करने को लेकर एक दो बार झगड़ा हो चुका है इस मामले में हवलदार मनोहर लाल खन्ना का कहना है कि एक गुट ने परिवाद दिया है शुक्रवार को दोनों गुटों को बुलाकर इन्हें आइंदा लड़ाई झगड़ा नहीं करने के लिए पाबंद किया जाएगा।



# गायक सिमरजीत के नए धार्मिक गीत 'धन-धन बाबा दीप सिंह जी' की लॉचिंग कल



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** इलाके में धार्मिक व सूफियाना गायकी में अपनी कला का लोहा मनवाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित गायक सिमरजीत सिंह के अमर शहीद धन-धन बाबा दीप सिंह जी महाराज जी के जन्म दिहाड़े को समर्पित नए धार्मिक गीत धन-धन बाबा दीप सिंह जी शनिवार सुबह 11 बजे यूट्यूब सहित सभी डिजिटल स्टोर, फेसबुक व इंस्टा पर लॉच होने जा रहा है। ग्रीनवे रिकॉर्ड्स के बैनर तले रीलीज इस गीत को गीतकार कमल कुदरत के द्वारा लिखा गया है और संगीत नेक्स्ट बीट ने दिया है। गायक सिमरजीत सिंह ने बताया कि आज सुबह गुरुद्वारा धन धन बाबा दीप सिंह जी शहीद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हुजूरी में गीत के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में गायक सिमरजीत सिंह को गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी के मुख्य सेवादार तेजेन्द्र पाल सिंह टिम्मा सहित अनेक सेवादारों ने सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान गायक सिमरजीत सिंह म्यूजिक डायरेक्टर नेक्स्ट बीट तेजिंदर पाल सिंह बाबा शेर सिंह, परमिंदर पाल सिंह राजा मक्कड़, अरोड़ा खत्री पंजाबी प्रदेश अध्यक्ष रजनीश बहल, बाबी पहलवान व मनजीत सिंह रंगरेटा ने गायक सिमरजीत सिंह को शुभकामनाएं दीं।




# दो दिवसीय अंडर-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** टाऊन, शुक्रवार को हनुमानगढ़ युवा कमेटी, रूपनगर हनुमानगढ़ टाऊन द्वारा दो दिवसीय अंडर-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन भद्रकाली रोड, वेयरहाउस के सामने ग्राउंड में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ, जिसमें फूडग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन हनुमानगढ़ टाऊन के कोषाध्यक्ष ईशान चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक भार्गव और पूर्व पार्षद विनोद प्रजापत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन की जिम्मेदारी आयोजन समिति के सदस्य राजीव प्रजापत ने निभाई। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट की विशेषता यह है कि इसमें केवल 20 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। टूर्नामेंट का आयोजन दो दिनों तक चलेगा और सभी मैच चार-चार ओवरों के होंगे। इस टूर्नामेंट के विजेता को 8100 रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, वहीं उपविजेता टीम को 4100 रुपये नगद और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

# इस्कॉन के श्री राधा-कृष्णा मन्दिर का शिलान्यास समारोह 2 को

## ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए भक्तों में जबरदस्त उत्साह

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ रोड पर टांटिया यूनिवर्सिटी के सामने इस्कॉन के श्री राधा-कृष्ण मन्दिर का शिलान्यास समारोह 2 फरवरी सुबह 9 बजे रखा गया है। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। मंदिर संचालक श्रीभगवान दास ने बताया कि शिलान्यास, हवन यज्ञ एवं वास्तु पूजा के मौके पर हरिनाम संकीर्तन तथा प्रवचन भी रहेंगे।

इस्कॉन राजस्थान के जोनल सुपरवाइजर पंचरत्न दास, गोवर्धन (वृंदावन) के असीता कृष्णा स्वामी तथा भूमि दानदाता डॉ. महेश माहेश्वरी विशेष अतिथि होंगे। प्रबंध समिति के चेयरमैन बलराज मित्तल, वाइस चेयरमैन वेदप्रकाश लखोटिया, सचिव मूलचंद गेरा, कोषाध्यक्ष रमेश खदरिया, मंदिर निर्माण कमेटी के चेयरमैन संजय महिपाल, वाइस चेयरमैन अजय गुप्ता व पवन गोयल, प्रचार समिति के चेयरमैन सुशील अग्रवाल, वाइस चेयरमैन विकास सिहाग, कार्यक्रम देखरेख समिति के कपिल बंसल, नरेंद्र चांगिया, ओजस्वी गोयल, प्रवीण छाबड़ा, डॉ. राकेश गोयल, रमन बिहाणी, सुभाष गोयल, राजेन्द्रप्रसाद ढिढ़ारिया सहित पूरी टीम आयोजन की सफलता के लिए जुटी हुई है। समारोह में मारवाड़ी युवा मंच के सौजन्य से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## कॅरियर कांउसलिंग सेमिनार का आयोजन कल

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** हिन्दूमलकोट रोड, तीन पुली के नजदीक स्थित गोल्डन रेज़ पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को कॅरियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 25 जनवरी, शनिवार प्रातः 10 बजे से बारह बजे तक एज्युकेशन फेयर में कॅरियर कांउसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। संस्था डायरेक्टर अजय चंदेल ने बताया कि सेमिनार में देश और विदेश की जानी मानी विभिन्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ वक्ता विद्यार्थियों कों सम्बोधित करेंगें और उन्हे अपने करियर विकल्पों के बारें में मार्गदर्शन करेंगें। स्कूल प्रिंसिपल सिमरन भाटिया ने बताया कि सेमिनार में विद्यार्थियों व अभिभावकों को शीर्ष राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से कैरियर मार्गदर्शन के बारे में जानकारी दी जाएगी। सेमिनार में भाग लेने के लिए कोई भी फीस नही रखी गई है।

# भाई कन्हैया जी के बाबा सुन्दर सिंह मटीली मीत जत्थेदार नियुक्त



## मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा ने दी नियुक्ति

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** शिरोमणि पंथ अकाली दशमेश तरना दल पंजवा निशान 1300 घोंड स्वार के मौजूदा मुखी जत्थेदार बाबा मेजर सिंह सोढ़ी जी ननकाना साहिब वालों के निर्देशानुसार दशमेश तरना दल मिसल सेवा सिमरन दे पुंज भाई कन्हैया जी के मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा ने मटीली के बाबा सुन्दर सिंह को जत्थेबंदी का विस्तार करते हुए मटीली जत्थेदार नियुक्त किया है। जत्थेदार बाबा राज सिंह ने उन्हें श्रीगंगानगर जिले में जत्थेबन्दी को और मजबूत करने का आह्वान किया है।

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का 38 वां वार्षिक धर्मोत्सव 2 फरवरी से आरंभ होगा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय नई धान मंडी में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का 38 वां वार्षिक धर्मोत्सव 2 फरवरी से बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।धर्मोत्सव 10 फरवरी तक चलेगा। धर्मोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंदिर प्रबंध समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि 2 से 10 फरवरी तक आयोजित 38 में वार्षिक धर्मोत्सव के तहत प्रतिदिन संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा, विष्णु सहस्त्रनाम, गोपाल सहस्त्रनाम, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, राम रक्षा स्तोत्र, दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती पाठ,108 हनुमान चालीसा, 108 हनुमानाष्टक,बजरंग बाण, मूल भागवत पाठ, 108 दुर्गा चालीसा, राम नाम जाप, अखंड नह्मान परायण,भंडारा और संगीतमयी सुंदर पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। कथा व्यास सतपाल पारासर 2 से 10 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6-30 बजे तक संगीत में श्रीमद् भागवत कथा करेंगे। मुख्य यजमान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल होंगे।



उन्होंने बताया कि धर्मोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 7.15 से 8:30 बजे तक संगीतमयी सुंदरकांड के पाठ किए जाएंगे। धर्मोत्सव का समापन 10 फरवरी को प्रातः 11-15 बजे पूर्णाहुति यज्ञ से किया जाएगा। तत्पश्चात विशाल और अटूट भंडारा चलेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में पुरुषोत्तम अग्रवाल, सीए सुमित अग्रवाल, विजयसिंह शेखावत, टोनी अग्रवाल,संजय मूंदड़ा ओमप्रकाश महिपाल, भूपेंद्र जिंदल तथा पुजारी अरविंद पांडेय आदि गणमान्य लोगों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने शहर की धर्म प्रेमी जनता से इन आयोजनों में शामिल होकर धर्म और पुण्य का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** टाउन स्थित बिश्नोई धर्मशाला में समाजसेवी और पूर्व प्रधान स्व. दलवीर पुनिया की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समाज सेवा की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया और जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में योगदान दिया।

रक्तदान शिविर की शुरुआत विशेष योग्यजन प्रवीण गांधी और महिला रक्तदाता मधु कश्यप व आमिना ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर की। इन तीनों ने सबसे पहले रक्तदान किया और बाकी सभी को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उनका उद्देश्य यह था कि वे समाज में रक्तदान के महत्व को लोगों के बीच प्रचारित करें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

# लो टनल तकनीक बदल सकती है थार की तस्वीर

## लो टनल तकनीक से बेमौसम सब्ज़ियों की खेती से हो रहा मुनाफा

**जैसलमेर।** लो टनल टेक्नोलॉजी एक आधुनिक कृषि तकनीक हैए जिसका उपयोग पौधों को प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों से बचाने और उनकी उपज बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसमें खेतों में उगाए गए पौधों को प्लास्टिक या अन्य हल्के ढांचे के जरिए ढक दिया जाता है। यह तकनीक विशेष रूप से सब्जियों और फसलों को ठंडए ओसए या तेज़ हवा से बचाने के लिए उपयोगी है। समय और पानी की बचत कर आगामी फसल की तैयारी के लिए किसान लो टनल तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। इस तकनीक से बहुत कम लागत में सब्जियों की पौध तैयार हो जाती है।

**केंद्र पर तैयार की प्रदर्शन इकाई:** डॉ. दशरथ प्रसादए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवम् अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्रए पोकरण ने बताया कि लो टनल तकनीक से केविके पर पहली बार किसानो के लिए बंदगोभीए मिर्चीए टमाटरए प्याजए बेंगन आदि की प्रदर्शन इकाई लगायी है जिससे किसान देख कर सब्जी वर्गीय उत्पादन ले सकते है केन्द्र पर इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसको बनाने के लिए पतले बांस से गुफानुमा आकार तैयार की जाती है। लो टनल तकनीक में बाहर की अपेक्षा के अन्दर तापमान 10 डिग्री सेल्सियस अधिक रहता है जिससे पौधा अपनी जैविक क्रियाए आसानी से कर पता है। किसानों को यहां बुलाकर उन्हें इसके बारे में बताया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि भविष्य में सभी किसान इस पद्धति को अपनाएं।

**क्या है लो टनल प्लास्टिक तकनीक:** लो टनल प्लास्टिक तकनीक की मदद से कम तापमान और पाला पड़ने से होने वाले नुकसान से फसल को बचाना आसान होता है। यह तकनीक फसलों को तापमान में गिरावट के दौरान नुकसान से बचाएगी। पौधे के विकास के लिए 10 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान जरूरी होता है। अक्सर सर्दियों के मौसम में मिट्टी व हवा का तापमान रात में काफी कम हो जाता हैए इसलिए सब्जियों के पौधों की देखभाल करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र ने लो टनल प्लास्टिक तकनीक विकसित किया है।



**कम लागत में हो जाती है तैयार:** लो टनल की जीएआईण् पाइपों को अर्धगोलाकार मोड़कर तथा उन्हें सरिया के टुकड़ों के सहारे खेत में खड़ा करके व प्लास्टिक से ढंककर बनाई जाने वाली संरक्षित संरचना हैं। इन्हें सर्दी के मौसम में बेमौसम सब्जी जैसे खरबूजाए तरबूजए खीराए चप्पन कद्दू या अन्य कद्दूवर्गीय सब्जियां उगाने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इसकी लम्बाई आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा सकती है। इन्हें बनाने में काफी कम लागत आती है। इनकी देखभाल भी सरलतापूर्वक की जा सकती है। इन संरचनाओं का उपयोग केवल सर्दियों में ही किया जा सकता है।

**नुकसान से बचाव:** लो टनल ऐसी संरक्षित संरचना है जिसे फसल रोपाई के बाद प्रत्येक क्यारी के ऊपर कम ऊंचाई पर प्लास्टिक की चादर ढक कर बनाया जाता है। यह फसल को कम तापमान से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए बनाई जाती है। यह तकनीक सब्जियों की बेमौसम खेती के लिए बहुत उपयोगी है। जहां सर्दी के मौसम में रात का तापमान अपने न्यूनतम स्तर पर चला जाता है। इसके लिए सब्जियों की पौध प्लास्टिक प्लग ट्रे तकनीक से सर्दी में ही तैयार किया जाता है।

**लो टनल प्लास्टिक तकनीक की विशेषताएं:** इस तकनीकी में हवा की आद्रता को नियंत्रित किया जाता है। पानी व खाद की बचत के साथ ही खरपतवार व मिट्टी के तापमान को नियंत्रित किया जाता है। इस तकनीक को कम लागत में अपनाया जा सकता है। इससे सर्दियों में कम तापमान व पाला पड़ने की स्थिति में फसलों को नुकसान से बचाया जा सकता है।

**- डॉ. दशरथ प्रसाद,**
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवम् अध्यक्ष,
कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण जैसलमेर

# भदौरिया प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अभिमन्यु सिंह भदौरिया को प्रदेश कांग्रेस के शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है ज्ञातव्य है कि अभिमन्यु सिंह भदौरिया राजस्थान शिक्षा संघ प्रगतिशील के पूर्व मुख्य महामंत्री रह चुके हैं तथा गत 40 वर्षो से शिक्षकों के हितों के लिए कार्य करते आ रहे हैं सेवानिवृत्ति के उपरांत लगातार शिक्षकों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं । श्री भदौरिया श्रीगंगानगर के शिक्षक समुदाय के अग्रणीय नेता रहे हैं अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने बताया कि वह शिक्षकों व शिक्षा की समस्याओं के लिए वर्तमान संवेदनहीन सरकार से लगातार संघर्ष कर उन्हें हक दिलवाएंगे । श्री भदौरिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इंग्लिश मीडियम के स्कूल बंद करने व परिणाम आने के बाद भी उनमें नियुक्तियां न करना गहलोत सरकार द्वारा उठाए गए शिक्षा हित के कदमों को रोककर जनता से अन्याय किया है। वर्तमान भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीति को जनता के बीच लेकर जाएंगे।

# एसडीएमसी एवं एसएमसी सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** आज को संदर्भ कक्ष पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर पर रावतसर यूसीईईडी क्षेत्र के समस्त राजकीय विद्यालयों के स्ष्ठस्ष्ट/स्स्ष्ट सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें समस्त विद्यालयों के 66 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ व जनप्रतिनिधि व समाज सेवी श्री भगवती प्रसाद आर्य द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया द्य सत्यदेव राठौड़ ने प्रशिक्षण में पधारे समस्त संभागियों का स्वागत किया और बताया कि दो दिनों तक यह प्रशिक्षण चलेगा जिसमे संदर्भ व्यक्तियों द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी तथा विद्यालयों के विकास एवं प्रगति में स्ष्ठस्ष्ट व स्स्ष्ट के योगदान व भूमिका को विस्तार से समझने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित श्री भगवती प्रसाद ने अपने ओजस्वी शब्दों से संभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक राम सिंह सहारण, राजाराम व दिनेश कुमार व भगत सिंह आदि मौजूद थे।



# 41 आरबी दूसरे लोगों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा स्रोत बन रहा हर प्रभ आसरा

**गजसिंहपुर।** आज के युग में मानवता की सेवा एवं भलाई को लेकर हर व्यक्ति जागरूक नजर आ रहा है लेकिन इंसान के अंदर जुनून और बुलंद हौसला होना चाहिए ऐसा ही उदाहरण हर प्रभु आसरा सेवा समिति 41 आरबी में देखने को मिला मुख्य सेवादार हरि सिंह खालसा के द्वारा मानवता की भलाई और सेवा का जुनून उनकी टीम में देखने को मिला आपको बता दें कि हर प्रभ आसरा सेवा समिति 41 आरबी में बेसहारा, लावारिस ,अनाथ ,मंदबुद्धि प्राणियों को एक छत के नीचे आसरा देने के लिए हर प्रभ आसरा सेवा समिति इन लोगों के लिए सहारा बनी है इस संस्था के द्वारा बेसहारा लावारिस प्राणियों की सेवा संभाल करने के लिए हर समय आगे रहती है वही बेसहारा बच्चों को पढ़ाने के लिए इस संस्था के द्वारा सहयोग देकर उनके उज्जवल भविष्य की और अग्रसर है आपको बता दें कि हर प्रभ आसरा के द्वारा लावारिस मानसिक असहाय बीमार स्थिति में पड़े लोगों जो कि अपना पता बताने में असमर्थ हो जैसे कि बस स्टैंड रेलवे स्टेशन गलियों में लावारिस घूम रहे लोगों को 41 आरबी में स्थित हर प्रभ आसरा में पहुंचाने का कार्य किया जाता है उनके देखभाल सेवा का मुख्य कार्य सेवादारों का है जो कि अपना कार्य बखूबी ढंग से कर रहे हैं दूसरी तरफ गजसिंहपुर क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूरदराज के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले ग्राम पंचायत 35 बीवी के पूर्व सरपंच अवतार सिंह मान समाजसेवी के द्वारा हर प्रभ आसरा 41 आरबी में जरूरतमंद लोगों को राशन एवं बच्चों के लिए कोट वितरण किए गए पूर्व सरपंच अवतार सिंह मान के द्वारा समय-समय पर हर प्रभ आसरा मैं सहयोग देकर इन लोगों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं पूर्व सरपंच के द्वारा हर वर्ष 11 सामूहिक कन्याओं का विवाह किया जाता है जो कि इस क्षेत्र के लिए कन्याओं के लिए वरदान साबित हो रहा है संवाददाता सुरेंद्र पाल ल राजपूत ने इस अवसर पर कहा कि जो सेवा भावना यहां पर देखने को मिली है ऐसी सेवा भावना न आज तक कहीं देखी होगी और ना ही आगे देखने को मिलेगी सुरेंद्र पाल ने इसे स्वर्ग का रूप बताते हुए कहा कि इन प्राणियों की सेवा करना बहुत ही मुश्किल और नामुमकिन है लेकिन यहां के मुख्य सेवादार हरि सिंह खालसा एवं उनकी टीम के द्वारा इस नामुमकिन कार्य को मुमकिन कर दिखाया है ऐसा जज्बा और हौसला इस टीम के अंदर दिखाई दे रहा है यह हर प्रभ आसरा इस क्षेत्र में ही नहीं बल्कि बाहर के लोगों के दिलों में अपनी जगह बना रहा है आज हर प्रभ आसरा 41 आरबी दूसरे लोगों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा स्रोत बन रहा है इन प्राणियों की सेवा करना मन को सुकून और चैन मिलता है जो कोई इंसान इन प्राणियों की और कदम बढ़ाता है तो उनके कदम हमेशा के लिए इस हर प्रभ आसरा की और ही आगे बढ़ते हैं वहीं मुख्य सेवादार हरि सिंह खालसा ने इन प्राणियों की सेवा को लेकर आगे आने का आवाहन किया।



# मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्यावही की मांग

## पीड़ित ने थाने में दिया परिवाद

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** मरपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला शुक्रवार प्रकाश में आया है। पी?त पवन कुमार पुत्र श्री भगवान दास अरोडा निवासी सेक्टर 12 ने जंक्शन थाना में दिए परिवाद में बताया है कि वह दोपहर करीब 03 बजे बुआ को जंक्शन बस स्टेण्ड पर चढ़ाने गया और बुआ को बस में बैठाकर वापिस अपने घर जाने लगा तो उसी दोरान विजय पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी सेक्टर 12 जो कि अपने साथ अन्य व्यक्तियो को लेकर आया जिनके हाथो मे डन्डे थे ने एक राय होकर को घेर लिया और सिर एवं कान के पास डन्डे से चोट मारी व जान जानसे मारने की नियत से गला दबा लिया।मोके पर मोजूद लोगो ने बीच बचाव कर छुड़ाया। झग? की सुचना मिलने पर पत्नि रेणू बाला, माता संतोष ईरिक्शा मे जब बस स्टेण्ड आ रही थे तो उक्त व्यक्तियो ने आईडीबीआई बैंक के पास पत्नी एवं माता को घेर कर गालीया निकाली।पत्नि को ईरिक्शा से नीचे गिरा पैर पर चोट मारी। मनोज ने बताया उक्त विजय जो कि बदमाश प्रवृति का है जो कि पूर्व में भी कई बार धमकीया दे चुका है एवं अभी भी धमकीया दे रहा है कि तुझे जान से मारुंगा। ज्ञापन में उक्त व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यावही की मांग की गयी है।

# तीसरे एक दिवसीय शिविर में नशा मुक्ति तथा साइबर ठगी विषय पर व्याख्यान का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सादुलशहर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को नशा मुक्ति तथा साइबर ठगी संबंधी जागरूकता के लिए व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मुख्य वक्ता स. गुरमीत सिंह ने डिजिटल लेनदेन,ऑनलाइन ठगी तथा नशे से बचाव विषय पर अपने उद्बोधन में डिजिटल लेनदेन को स्वभाव में लाने के साथ साथ ऑनलाइन ठगी से किस प्रकार बचा जा सके। इस संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की और उन्होंने बताया कि हमें किसी प्रकार का बैंक से कोई फोन नहीं आता है और ना ही बैंक कभी ओटीपी इत्यादि शेयर करने के लिए कहता है। इस प्रकार की ठगों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां अपराध है इसके संबंध में साइबर ठगी का शिकायत नंबर 1930 के संबंध में भी उन्होंने जानकारी दी। स्वयं सेविकाओं को डिजिटल प्लेटफार्म का सुरक्षित इस्तेमाल करने के बारे में जागरूक किया और जीवन में कुछ लक्ष्य निर्धारित कर अपना और अपने परिवार का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने यह भी बताया कि हमें रोजगारशील बनना है। साथ ही साथ छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ तथा स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।

# द ईगल फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी के साथ वार्ता की

**श्रीगंगानगर।** भ्रष्टाचार, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाली सामाजिक संगठन द ईगल फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशान्त सोनी के साथ वार्ता की। इस दौरान आपसी सहमति से श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष के पद पर उम्मीदवार का चयन किया गया । इस पद पर श्रीगंगानगर निवासी एडवोकेट आशीष अग्रवाल को नियुक्त किया गया। द इगल फाउंडेशन के सभी सदस्यों द्वारा एडवोकेट आशीष अग्रवाल को बधाई प्रेषित की गई। एडवोकेट आशीष अग्रवाल ने आमजनता व संगठन के हित में कार्य करने की शपथ ग्रहण की।




## बेदखली सूचना

मैं नंदलाल सोनी पुत्र आशाराम सोनी निवासी यादव मोहल्ला पुरानी आबादी श्रीगंगानगर का रहने वाला हूं। बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम सोनी पुत्र नंदलाल सोनी व पुत्रवधु माधुरी सोनी पत्नी विक्रम सोनी निवासी स्कूल नं. 9, वार्ड नं. 8 के पास, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान करते हैं तथा पुत्र व पुत्रवधु मरने व मारने की धमकी देते हैं। मेरा पुत्र विक्रम सोनी व पुत्रवधु माधुरी सोनी को मैंने व मेरे परिवार ने 30.08.2024 को ही अलग कर दिया तथा लेनदेन बंद कर दिया। मैं पूरे होशो हवास में अपने परिवार की सहमति से अपने पुत्र विक्रम सोनी व पुत्रवधु माधुरी सोनी को अपनी चल–अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अगर कोई इनसे किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं उसका जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

**नंदलाल सोनी पुत्र आशाराम सोनी**


# कर्तव्य बोध दिवसः राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संकल्प

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा)इकाई राजकीय महिला महाविद्यालय सादुलशहर द्वारा कर्तव्य बोध दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस हमें हमारे कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.पूनम दत्त दत्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'कर्तव्य बोध दिवस हमें अपनी जिम्मेदारियों को पहचानने और उन्हें निभाने की प्रेरणा देता है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह देश की प्रगति और सामाजिक समरसता के लिए अपनी भूमिका निभाए। स. गुरमीत सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत कर कर्तव्यों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में स. कुलदीप सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को अपने दैनिक जीवन में कर्तव्यों के पालन का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि 'एक सशक्त और विकसित राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाए। कर्तव्य बोध दिवस का यह आयोजन न केवल नागरिकों को जागरूक करने का माध्यम बना, बल्कि उन्हें यह एहसास भी दिलाया कि समाज और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियां क्या हैं।



# ग्राम पंचायत 4 जेजे के राउमावि परिसर में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत 4 जेजे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह के तहत उमंग 2025 कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे विद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है इस वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह में इस बार आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी में पर्यावरण पाठशाला ÷बचपन के झरोखे से÷ विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराज जैन मुख्य ट्रस्टी सेठ रिछपाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट पदमपुर-श्रीगंगानगर-कोटा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुवेग सिंह गिल डायरेक्टर गुरु अकैडमी गजसिंहपुर, सुखदेव यादव मुख्य प्रबन्धक एसबीआई बैंक नई धान मण्डी पदमपुर, जैनेन्द्र कुमार सारस्वत मुख्य प्रभारी दुग्ध अवशीतन केन्द्र (सरस) पदमपुर, राजेन्द्र प्रसाद मुंजाल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पदमपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलशन कुमार पाहवा पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी 4 जेजे करेंगे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय तहसीलदार (भू0अ0) गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.)**

कमांक/ भू.अ./ 133 — दिनांक : 23.01.25

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि श्री सुरजा राम पुत्र श्री रामलाल जाति बिश्नोई निवासी ग्राम कंवरपुरा तहसील रायसिंहनगर (नव-गठित तहसील) गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर ने अपनी खातेदारी कृषि भूमि चक 4 एफएफबी का खाता संख्या 100 के मुरब्बा नं. 8 के किला नं. 1 ता 20 की 5.060 है0 नहरी भूमि में से 1/3 हिस्सा की वसीयत अपने पोता अनुज कुमार, संजीव कुमार पि0 धर्मपाल के पक्ष मे व 1/3 हिस्सा की वसीयत अपने पोता रवि कुमार, विजय कुमार पि0 सुभाष के पक्ष मे व 1/3 हिस्सा की वसीयत पोता आशीष कुमार पुत्र रामकुमार जाति बिश्नोई निवासीगण कंवरपुरा तहसील रायसिंहनगर (नव-गठित तहसील गजसिंहपुर) के पक्ष मे निष्पादित की हुई हैं। उक्त वसीयत नोटेरी पब्लिक रायसिंहनगर के द्वारा दिनांक 18.08.2015 को तस्दीक की गई हैं। वसीयत कर्ता की मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर मृत्यु दिनांक 06.08.2016 को हो चुकी हैं। उक्त वसीयत के आधार पर रिकॉर्ड अमल दरामद / इन्तकाल दर्ज कराने का प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे विचाराधीन हैं। इस वसीयत के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को एतराज हो तो दिनांक 07/2/2025 तक इस कार्यालय मे स्वंय या मार्फत वकील उपस्थित आकर अपनी आपत्ति पेश कर सकता हैं। अन्यथा मियाद गुजरने पर आपत्ति मान्य नहीं होगी व नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी । नोटिस आज दिन मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर से जारी किया गया हैं।

**तहसीलदार (भू.अ.)**
**गजसिंहपुर**

# भारतीय किसान संघ ने बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में किसान हित में दिए सुझाव

## बजट में किसान कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि आवंटित करने की मांग की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय किसान संघ जिला श्रीगंगानगर के जिला प्रभारी व प्रांत उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी तथा प्रांत सदस्य हरबंस बिश्नोई ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, डेयरी पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा मुख्य सचिव सुधांशु पंत के साथ जयपुर स्थित सीएमओ सभागार में हुई बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में भाग लिया तथा किसान हित में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस बैठक में भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रगतिशील किसान पशुपालक तथा डेयरी संघ के सदस्य शामिल हुए। जिलाध्यक्ष इंजि. बलदेव सिंह ने बताया कि बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ ने किसानों के पक्ष में अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए किसान कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजट में पर्याप्त राशि राशि आवंटित करने की मांग की। संगठन सदस्यों ने सिंचाई परियोजनाओं (गंगनहर, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, भाखड़ा), गंगनहर की सभी वितरिकाओं के रिलाइनिंग के लिए बजट का प्रावधान, फिरोजपुर फीडर निर्माण के लिए बजट जारी करने, बीकानेर कैनाल की साफ-सफाई तथा



मरम्मत के लिए बजट देने, साधुवाली गाजर मंडी के लिए बजट, जल जीवन के तहत फार्म पोंड का निर्माण के लिए बजट में प्रावधान करने, किन्नू और गन्ने के लिए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस खोलने, श्रीगंगानगर में कृषि विज्ञान केन्द्र के लिए भूमि का आवंटन करवाने, अनूपगढ़ में नया कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने की घोषणा करने, डिमांड राशि जमा करवा चुके किसानों को ट्रांसफार्मर कनेक्शन जारी करने, वंचित ढाणियों को पूर्व की भांति कुसुम योजना को शुरू कर जोड़ने, कमांड एरिया डवलपमेंट द्वारा तीनों परियोजनाओं के खाला निर्माण, विद्युत, कृषि विपणन, हाईटेक फार्मिंग, सहकारिता, डेयरी सहित कृषि संबंधित अन्य विषयों पर बजट हेतु सुझाव रखे। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुझावों को बजट में शामिल करने के लिए आश्वस्त किया। इससे पहले भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष इंजि. बलदेव सिंह की अध्यक्षता में उक्त प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के लिए गोल बाजार स्थित कृषि विश्राम गृह में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश पर्यावरण प्रमुख रामकुमार खिलेरी, प्रान्त उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी, प्रांत सदस्य हरबंश बिश्नोई तथा सम्भाग महिला प्रमुख श्रीमती रीटा शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। सर्वप्रथम नवनियुक्त प्रान्त उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी तथा सम्भाग महिला प्रमुख श्रीमती रीटा शर्मा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष व मंत्री तथा जिला कार्यकारिणी, सदस्य एवं मुख्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय युवक परिषद ने जिला पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन किया

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय युवक परिषद के जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक डीआईजी अरशद अली का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। यह सम्मान जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में पुलिस प्रशासन की तत्परता को लेकर किया गया।

प्रवीण जैन ने जानकारी दी कि परिषद द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को विभिन्न समस्याओं और सुझावों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। इस ज्ञापन में जिले में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने, रात के समय गश्त बढ़ाने, और कॉलेज परिसरों के आसपास छुट्टी के समय गश्त तेज करने जैसी मांगें शामिल थीं। इन समस्याओं पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की गई, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया।


जैन ने बताया कि जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन की सक्रियता प्रशंसनीय है। परिषद ने कहा कि पुलिस द्वारा की जा रही गश्त और सुरक्षा उपायों से नागरिकों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय युवक परिषद प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अन्य सदस्यों ने भी पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण जैन, गोपी किशन स्वामी, वेद भवानी सिंह, दिनेश शर्मा, रामलाल कांवलिया, कुरडाराम, सुभाष स्वामी, वीरेंद्र जैन, नत्थूराम कालवा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# अर्जुन राजपाल संयुक्त व्यापार मण्डल के संरक्षक मनोनीत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता व महासचिव अमित चुघ 'रोमी' ने मण्डल के पदाधिकारियों से विचार विमर्श के उपरांत व्यापारी नेता व पूर्व सरपंच अर्जुन राजपाल को संयुक्त व्यापार मण्डल का संरक्षक मनोनीत किया है। ज्ञातव्य है कि अर्जुन राजपाल संयुक्त व्यापार मण्डल की गत कार्यकारिणी में भी संरक्षक के पद पर सुशोभित रहे हैं। राजपाल को संरक्षक मनोनीत करने पर धीरज अदलखा, सतपाल राजपाल, महेन्द्र मेहता, अशोक विनोचा, ग्राम पंचायत कालियां के सरपंच पवनदीप सिंह आदि ने अर्जुन राजपाल को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए व्यापार मण्डल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता व समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया है।



# डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस प्रशासन के तत्वधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीओ सिटी आईपीएस बी.आदित्य रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली सीआई पृथ्वीपाल जी रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने अतिथियों का अभिनंदन किया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।सीओ सिटी ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए क्योंकि संविधान ने महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। इसके साथ उन्होंने बताया कि हमें बाल विवाह को रोकना चाहिए और महिलाओं के खान-पान पर भी ध्यान देना चाहिए तथा महिला शिक्षा पर अधिक से अधिक बल देना चाहिए।



विशिष्ट अतिथि सीआई पृथ्वीपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहना चाहिए और समाज को नशा मुक्त बनाना चाहिए।कार्यक्रम में डॉ.राजेश्वर गोदारा ,डॉ. जसप्रीत सिंह, संजय शर्मा आकाश कामरा तथा मनीष सुथार एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# शतरन्ज चैस टूर्नामेण्ट 1 व 2 फरवरी को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के फेमस महाराजा गंगासिंह क्लब का आगामी चैस टूर्नामेंट एक व दो फरवरी को गंगानगर की पंचायती धर्मशाला रेलवे स्टेशन के सामने होगा, जिसमें पंजाब-हरियाणा-दिल्ली-राजस्थान के अच्छे-अच्छे खिलाड़ी आने की सम्भावना है। 21 हजार के प्राईज व ट्रॉफी के इस टूर्नामेंट के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसके लिये 95303-88800 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# कार ऑटो की टक्कर से पिता-बेटी की मौत: मां-बेटा घायल

## ससुराल से परिवार लेकर लौट रहा था ऑटो चालक, रहवासियों ने किया चक्काजाम

जनमार्ग न्यूज

**उज्जैन।** उज्जैन में शुक्रवार रात सड़क हादसे में पिता और बेटी की मौत हो गई। घटना एमआर-5 रोड में कार और ऑटो की टक्कर से हुई। देर रात हुए सड़क हादसे की खबर लगने के बाद आसपास के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप था कि इस जगह पर आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाए। शुक्रवार रात ऑटो चालक शेख जीशान (38) पत्नी शहाना (30) बेटे आरिल और 6 माह की बेटी अनाविया को लेकर तोपखाने ससुराल गए थे। देर रात ढांचा भवन में घर लौटे समय आलोक इंटरनेशनल स्कूल के सामने से टर्न लेते समय सामने से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की हादसे के दौरान कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और ऑटो के परखच्चे उड़ गए। टक्कर से जीशान और उसकी पत्नी दोनों स?क पर जा गिरे। जबकि बच्चे ऑटो में फंस गए। हादसे में जीशान और उसकी 6 माह की बेटी की मौत हो गई। मां और बेटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नेहरू युवा केंद्र श्रीगंगानगर के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया, जिला युवा अधिकारी भूपेंद्र शेखावत ने बताया कि ने बताया की आज जिले के विभिन्न युवा मंडलों के द्वारा पराक्रम दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है,इसी क्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय न 5 पुलिस लाइन, श्रीगंगानगर में कार्यक्रम प्रभारी भवानी शंकर के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान कृतिका कौशल, द्वितीय स्थान तनीषा और तृतीय स्थान कृष्ण ने प्राप्त किया, कार्यक्रम अतिथि इंदु भूषण चावला ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रिंपा तलवार ने सभी युवा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, युवा कार्यकर्ता सुनील, सुषमा, तमन्ना,अंकुश, अशोक, संदीप, सतीश आदि उपस्थित रहे ।

# एसएफआई ने जिला कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, जोगीवाला कन्या उमावि को पुन: खोलने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) तहसील कमेटी हनुमानगढ़ ने शुक्रवार को जिला कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एसएफआई ने भादरा तहसील के गांव जोगीवाला स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय (उमावि) को पुनः खोलने की मांग की।



महेन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जहां एक ओर सरकार राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जश्न मना रही है, वहीं दूसरी ओर बालिका शिक्षा में बाधा उत्पन्न कर राजकीय कन्या उमावि को बंद करने का कार्य कर रही है, जो बालिकाओं के हितों के खिलाफ है। उनका कहना था कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय सरकार इस कदम से बालिकाओं के शैक्षिक अधिकारों का उल्लंघन कर रही है, जो बेहद चिंता का विषय है।

ज्ञापन में बताया गया कि भादरा के गांव जोगीवाला में राजकीय कन्या उमावि में 123 बच्चियां पढ़ाई कर रही थीं, और यह जानकारी सरकारी रिकार्ड्स में दर्ज है। महेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस विद्यालय का बंद होना उन बालिकाओं के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है, क्योंकि सुरक्षित और शैक्षणिक वातावरण में उनकी शिक्षा के लिए बालिका विद्यालय होना आवश्यक है। जोगीवाला जैसे छोटे गांव में बालिकाओं के लिए एक मात्र शैक्षणिक संस्थान का बंद होना शिक्षा के अधिकार पर कुठाराघात है।

एसएफआई ने इस मुद्दे पर जोर देते हुए कहा कि यह विद्यालय गांव की बालिकाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण था, और इसके बंद होने से उन बच्चियों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। इसके कारण कई बालिकाएं अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाएंगी, और यह सरकार की नीतियों की विफलता को दर्शाता है।

एसएफआई ने जिला कलक्टर से मांग की है कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और मुख्यमंत्री के पास ज्ञापन भेजकर जोगीवाला के राजकीय कन्या उमावि को पुनः खोलने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। यदि सरकार ने जल्द इस मामले में कोई समाधान नहीं निकाला, तो एसएफआई आंदोलन को तेज करने का ऐलान कर सकती है।

प्रदर्शन में एसएफआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा एसएफआई के तहसील अध्यक्ष मोहित इंशा तहसील महासचिव कुलदीप कालवा एडवोकेट विनोद वर्मा देवीलाल आनंद शीला पवन भाटी योगेश विश्नोई पूजा प्रमिला सहित कई पदाधिकारी और स्थानीय छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

# पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन 121 यूनिट रक्त संग्रहण



**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** पंचायत समिति हनुमानगढ़ के पूर्व प्रधान स्वर्गीय दलवीर पुनिया की तृतीय पुण्यतिथि पर टाउन स्थित बिश्नोई धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। उनके पुत्रो सरपंच प्रतिनिधि एवं युवा कांग्रेस नेता नवनीत पुनिया, मनोज पुनिया सहित परिवारजनों व सगे संबंधियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिविर की शुरुवात विशेष योग्यजन प्रवीण गाँधी ने रिबन काटकर एवं रक्तदान कर की और कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो से समय समय पर आवश्यक रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया जिससे कि रक्त की कमी से किसी व्यक्ति को जीवनदान दिया जा सके। सरपंच प्रतिनिधि नवनीत पुनिया ने बताया कि पिता दलवीर पुनिया कि स्मृति में यह तीसरा रक्तदान शिविर आयोजित करवाया गया है जिसमे पुरुषो के साथ साथ महिलाओ व युवाओं ने भी उत्साह से भाग लेते हुए रक्तदान किया है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को भविष्य में जरूरत पड़ने पर राजकीय जिला चिकित्सालय में निशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जायेगा। मनोज पुनिया ने मौजूद लोगो से समय समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया जिससे की जरूरत मंद लोगो को समय पर रक्त उपलब्ध करवाते हुए उनका जीवन बचाया जा सकें।

# यूथ वीरांगनाओं ने झुग्गी झोपड़ी की बालिकाओं के साथ मनाया विशेष दिन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन में आज शुक्रवार को बालिका दिवस का उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूथ वीरांगनाओं ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली बालिकाओं के साथ समय बिताया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हाशिये पर रहने वाली बालिकाओं को प्रेरणा और सहयोग प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान यूथ वीरांगनाओं ने झुग्गी-झोपड़ी में जाकर बालिकाओं को खाद्य सामग्री और जरूरत का सामान भेंट किया। इस मौके पर ऐशना ने बताया कि बालिका दिवस का यह आयोजन केवल उत्सव नहीं है, बल्कि बालिकाओं के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। उन्होंने कहा कि झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली बालिकाओं के साथ यह समय बिताना उन्हें सशक्त और प्रेरित करने का एक प्रयास है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुमन ग्रोवर ने यूथ वीरांगनाओं के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज में बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे ये कार्य वास्तव में प्रशंसनीय हैं। उनके अनुसार, ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचने का एक प्रभावी तरीका हैं और इससे उनमें आत्मविश्वास बड़ता है। यूथ वीरागना भावना ने बताया यूथ वीरांगनाओं द्वारा बालिकाओं और महिलाओं के लिए कई निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें सिलाई, ब्यूटी पार्लर और अन्य कौशल विकास के कोर्स शामिल हैं। भावना ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया जाता है। इसके अलावा, बालिकाओं के लिए निशुल्क ट्यूशन और पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। कंचन ने बताया कि



यूथ वीरांगनाओं द्वारा राष्ट्रीय पर्वों और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी झुग्गी-झोपड़ी में जाकर बच्चों के साथ समय बिताया जाता है। इस दौरान न केवल बच्चों को शिक्षित किया जाता है, बल्कि उनके लिए मनोरंजन और खेलकूद जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। यह पहल बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होती है। कार्यक्रम के अंत में मीनाक्षी, कंचन, सरोज, संगीता,ऐशना, ज्योति यूथ वीरांगनाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना और उन्हें मुख्यधारा में लाना है। इन प्रयासों के माध्यम से न केवल बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, बल्कि उनके परिवारों को भी एक बेहतर भविष्य का भरोसा दिलाया जा रहा है।

# मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की बैठक संपन्न, 6 को प्रदर्शन का ऐलान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष कामरेड चंद्र कला वर्मा ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड बाबूलाल लुगरिया, राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सुमित्रा चोपड़ा, मजदूर नेता कामरेड रामेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह, जिला महासचिव कामरेड शेर सिंह शाक्य और जिला कोषाध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मिड डे मील वर्करों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वर्करों के न्यूनतम वेतन, नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने की मांग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर देश की शिक्षा और पोषण योजनाओं की रीढ़ हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन और सुविधाएं दी जाती हैं। बैठक में संगठन को मजबूत करने और वर्करों के अधिकारों के लिए तीखा संघर्ष करने की रणनीति बनाई गई। इस क्रम में संयोजक मंडल का गठन किया गया। पुष्पा देवी (चक ज्वाला सिंह वाला) को संयोजक और सरिता सोनी को सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में सगीता देवी, पुष्पा देवी, रितू देवी, सुमन, सीता देवी, प्रकाश कौर, जसवीर कौर, मरियम बेगम, जसपाल कौर, विधा देवी, रिता देवी, रविता देवी और नेवल विधा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने मिड डे मील वर्करों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि 6 फरवरी 2025 को मिड डे मील वर्करों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सीएम भजनलाल की पहल पर माइनिंग सेक्टर के समग्र विकास की समितियां गठित

❑ वैध खनन को बढ़ावा और रोजगार, राजस्व में वृद्धि की दिशा में अहम कदम ❑ जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति में स्टेक होल्डर्स व एनजीओ प्रतिनिधियों की भागीदारी ❑ खुलेंगे प्रदेश में खनन विकास, नए निवेश और रोजगार के नए द्वार ❑ ऑक्शन माइंस को जल्द ऑपरेशनल कराने में मिलेगा सहयोग

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी है ने प्रदेश में खनन विकास, निवेश, रोजगार और राजस्व वृद्धि के लिए दूरगामी पहल की है। इसके तहत उन्होंने जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में स्थाई कमेटी गठित की है जो खनन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करेगी। इस कमेटी में माइनिंग सेक्टर के स्टेक होल्डर्स और पर्यावरण एनजीओ की भी भागीदारी तय होने से स्थानीय स्तर की बाधाओं का समय पर निराकरण, ऑक्शन माइंस को जल्द ऑपरेशनल करने, वैध खनन को ब?ावा के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर विकसित होंगे और राजस्व में भी ब?ोतरी होगी। प्रमुख शासन सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति का गठन किया गया है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार इस कमेटी में जिला पुलिस अधीक्षक, उप वन संरक्षक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में कार्यरत एनजीओ के प्रतिनिधि और खनन पट्टाधारियों/क्वारी लाइसेंसधारकों में से कम से कम चार प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है। क्षेत्र के खनि अभियंता/सहायक खनि अभियंता को सदस्य सचिव बनाया



गया है। एनजीओ प्रतिनिधि और खनन पट्टाधारी/क्वारी लाइसेंसधारक प्रतिनिधियों को जिला कलेक्टर द्वारा नामित किया जाएगा। समिति का प्रशासनिक विभाग खान एवं पेट्रोलियम ग्रुप 2 विभाग को बनाया गया है। समिति की बैठक प्रतिमाह होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में वैध खनन को ब?ावा देने पर जोर दिया है। यही कारण है कि राजस्थान आज मेजर और माइनर माइंस के ऑक्शन में समूचे देश में पहले स्थान पर आ गया है। अब नीलाम माइंस को आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने में होने वाली देरी के कारण ऑपरेशनल करने में होने वाली देरी को कम किये जाने पर जोर दिया जा रहा है जिससे नीलाम माइंस जल्द से जल्द काम शुरु करे ताकि इससे नए रोजगार व अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सके। स्टेक होल्डर्स की भागीदारी तय होने से माइनिंग सेक्टर में स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं यथा रास्ते का अवरोध, असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा, स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों में प्रकरणों का लंबित होना, नई माइंस की पर्यावरण स्वीकृति के लिए जन सुनवाई में होने वाली देरी आदि आदि बाधाओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण हो सकेगा। अब यह कमेटी अवैध खनन गतिविधियों पर तो प्रभावी रोक लगायेगी ही उसके साथ ही वैध खनन में आ रही स्थानीय बाधाओं का भी निराकरण कर सकेगी।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के माइनिंग सेक्टर के लिए अग्रगामी और दूरदर्शी निर्णय से वैध खनन को प्रोत्साहित करने के साथ ही नीलाम की गई माइंस का जल्द से जल्द ऑपरेशनल होना संभव हो पायेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर माइनिंग सेक्टर के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होने से नए निवेश, रोजगार के नए अवसर और प्रदेश में राजस्व में ब?ोतरी हो सकेगी। इससे पहले जिला स्तरीय कमेटी प्रायः अवैध खनन गतिविधियों और पर्यावरण कार्रवाई तक ही सीमित रहती थी। कमेटी में स्टेक होल्डर्स की भागीदारी तय होने से खनन सेक्टर को गति मिलेगी।

# बढ़ती चोरी और नशाखोरी के खिलाफ धरना प्रदर्शन




जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ में बढ़ती चोरी और नशाखोरी के खिलाफ एक दिन पूर्व सिटी थाना के सामने किए गए धरना प्रदर्शन के बाद हरकत में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों को त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट में नवनिर्मित पुलिस चौकी को जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद शुक्रवार दोपहर को पुलिस अधिकारियों ने त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट एसोसिएशन के सहयोग से पुलिस चौकी का उद्घाटन कर दिया। श्रीगंगानगर से पहुंची महिला सेल की एडिशनल एसपी सुधा, सूरतगढ़ डीएसपी प्रतीक मील, सिटी थानाधिकारी दिनेश सारण, सदर थाना प्रभारी रामकुमार लेघा और तत्कालीन सिटी सीआई रहे कृष्ण कुमार, त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान प्रमोद ज्याणी, पुलिस चौकी की बिल्डिंग का निर्माण करवाने वाले समाजसेवी विजय मुद्गल लड्डू ने विधिवत मंत्रोचारण और पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर चौकी का शुभारंभ किया।

इस मौके पर त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं आम लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। सिटी थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि पुलिस चौकी में जल्द ही एक अधिकारी और तीन कांस्टेबल का स्टाफ लगा दिया जाएगा। इसके बाद यह पूरी तरह अस्तित्व में आ जाएगी। वहीं पुलिस चौकी शुरू होने पर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान प्रमोद ज्याणी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में त्रिमूर्ति मंदिर मार्केट इलाके में सैकड़ो की संख्या में पीजी, हॉस्टल, लाइब्रेरी और कोचिंग संस्थानों का संचालन हो रहा है। जिनमे सूरतगढ़ ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के स्टूडेंट भी यहां कोचिंग करते हैं। इस वजह से इलाके में भी?भा? का माहौल रहता है। पुलिस चौकी के शुरू हो जाने से अवांछित गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर मार्केट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गिरधारी लाल भोभरिया, सचिव डॉक्टर राजेश भाटी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भादू, सह-सचिव मोहम्मद अली कादरी, नर सेवा नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय कटारिया, टैगोर पीजी कॉलेज के निदेशक सचिन जेतली, कोच गुरु प्रेमसिंह मान, मीतू बाबा, समाजसेवी विजय मुद्गल लड्डू सहित अनेक जन मौजूद रहे।

# वार्षिकोउत्सव पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह संपन्न

विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां बिखेरी



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह बराड़ व कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच निशा चुघ ने की विशिष्ट अतिथि दलीप सहारन मंडल अध्यक्ष ,मंजू शर्मा प्रधानाचार्य गर्ल्स स्कूल, उपसरपंच चुन्नी देवी , प्रकाश घणघस अशोक गेरा, राजेश कताला जगरूप सिंह ,ताराचंद कालड़ा ,सुरेंद्र सिंह26जी जी ढाणी , रामलाल, अंग्रेज सिंह चानी नंदलाल गुबर राकेश सिडाना कुलदीप ढिल्लों सहित अन्य भामाशाहों को अतिथि गणों को विद्यालय प्रबंधक कमेटी द्वारा माल्यार्पण व समृद्धि चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के चाचा भूपेंद्र सिंह बराड़ को प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह ने शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस दौरान अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने व उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस दौरान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां दी काले रंग ते मोरनी रुदन करें----- पंजाबी प्रस्तुति ने सबका मन मोहा कार्यक्रम में नशे के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं ने नाटक का मंचन करते हुए नशे के दुष्प्रभाव पर शानदार प्रस्तुति दी कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने आर्थिक रूप से विद्यालय परिवार को सहयोग दिया वही भामाशाह रामप्रकाश घनघस ने जरूरतमंद पांच विद्यार्थियों को ड्रेस प्रदान करने के अलावा अन्य जरूरतमंदों को भी ड्रेसे देने की घोषणा की है सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के चाचा भूपेंद्र सिंह बराड़ ने भी शिरकत की उन्होंने अपने संबोधन में कहा की अभिभावक अपने बच्चों को नशे से बचाकर रखे उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को नशे के प्रति अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने को कहा गया है इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं की उत्कृष्ट उपलब्धियां पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में पधारे अतिथि गणों का प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह सिद्धू ने आभार व्यक्त किया मंच संचालन गुरजिंदर सिंह बराड व्याख्याता व श्रीमती सुमन मिढा ने किया।

# राजस्थान पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 11वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। पटवारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के लिए धरना प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की अपील की है। धरने का मुख्य कारण गिरदावरी एप्प में संशोधन, नियमित पदोन्नति एवं प्रमोशन, 1035 नवीन पटवार मंडलों की वित्तीय स्वीकृति, संसाधनों की उपलब्धता, वेतन में वृद्धि, भत्तों में वृद्धि जैसी प्रमुख मांगों का समाधान न होना है। धरने के 11वें दिन राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया, तहसील अध्यक्ष अनिल सहु, और राजस्थान



कानूनगो संघ के जिलाध्यक्ष चंदरभान ज्याणी ने कहा कि संघ की मांगें न्यायसंगत और कर्मचारियों के हक में हैं। उनका कहना था कि जब तक इन मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों का कहना है कि गिरदावरी एप्प में किए गए संशोधन ने उनके कार्यों को बहुत प्रभावित किया है और कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, नियमित पदोन्नति और प्रमोशन न होने के कारण पटवारी अपनी मेहनत का उचित सम्मान नहीं पा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नए पटवार मंडलों के लिए वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया भी ठप पड़ी है, जिससे उनका कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, वेतन में वृद्धि और भत्तों में भी सुधार की आवश्यकता जताई गई है। संघ के नेताओं ने यह भी कहा कि अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा और इसका असर प्रशासन पर पड़ने के साथ ही जनता पर भी पड़ेगा।

## एमपी में अगले 3 दिन कड़ाके की ठंड

**भोपाल ( जनमार्ग न्यूज )।** उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से मध्यप्रदेश में फिर से ठंड ब? गई है। शुक्रवार को भोपाल में दिन का तापमान 6.8 डिग्री लु?ककर 22.6 डिग्री पर आ पहुंचा। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी गिरावट हुई है। शनिवार को खरगोन में घना कोहरा रहा, यहां विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव के मुताबिक, अगले 3 दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा। दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट होगी। यादव ने बताया, गुरुवार रात से हवा का रुख उत्तरी हो गया है। शुक्रवार को प्रदेश में हवा की औसत रफ्तार 12 से 14 किमी प्रतिघंटा रही।

# वाहन चालकों के आंखों की जांच के लिए निशुल्क विशेष शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चालकों के आंखों की जांच के लिए निशुल्क विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अमरनाथ लंगर सेवा समिति भवन के पास नेशनल हाईवे बीकानेर रोड पर आयोजित विशाल नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ पुलिस उपधीक्षक प्रतीक मिल, सिटी थाना प्रभारी दिनेश सारण, ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत ने किया। पुलिस उपधीक्षक प्रतीक मील ने कहा सड़क सुरक्षा के तहत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों के आंखों की जांच समय-समय पर करने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यातायात के नियमों का पालन करने और सुरक्षा उपायों का ध्यान रखने के संबंध में सभी को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सिहाग हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोहिणी गोदारा ने 131 वाहन चालकों के आंखों की जांच करके आवश्यक परामर्श दिए। विशाल नेत्र जांच शिविर के दौरान सिटी थाना के कांस्टेबल सतविंदर, कांस्टेबल विशाल, ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, भीमसेन, घनश्याम, होमगार्ड जवान नीतू सिंह ने वाहन चालकों को रोककर आंखों की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत ने सभी का आभार प्रकट किया।



# गणतंत्र दिवस एक पवित्र राष्ट्रीय पर्व एवं महान संकल्प का दिन है

जनमार्ग न्यूज

'गणतंत्र दिवस' पर विशेष

**गणतंत्र** दिवस भारत का ऐसा राष्ट्रीय पर्व है जो स्वाधीनता के बाद प्रारम्भ हुआ। इसी दिन देश में अपना संविधान लागू हुआ यह दिन 26 जनवरी 1950 था जिस दिन हमारा देश पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। तभी से यह दिन गणतंत्र दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। स्वतंत्रता प्राप्त करने में भारत के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया उन्हीं बलिदानी वीरों के त्याग से हमारा स्वाधीनता का सुनहरा सपना साकार हुआ इसलिए 26 जनवरी के दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है।

इसी दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। संविधान एक मौलिक कानूनी आलेख होता है, जिसके अनुसार किसी देश की सरकार कार्य करती है, संविधान के आधार पर किसी देश के नियम तथा विनियम बनाए जाते हैं। भारतीय संविधान सरकार के तीन अंगों - विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका का प्रावधान करता है। संविधान में सरकार की शक्तियाँ स्पष्ट रूप से वर्णित होती है तथा सरकार व नागरिकों की गतिविधियों की सीमाएँ भी निर्धारित होती है। हमारे संविधान की अनेक विशेषताएँ है। संविधान बनाने वाले नेताओं और विद्वानों ने संसार के समस्त देशों ब्रिटेन, आयरलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधानों का गहन अध्ययन कर उनमें से उपयोगी सार ग्रहण करके हमारे संविधान का निर्माण किया था। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद निर्मात्री सभा के अध्यक्ष चुने गये थे तथा संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए प्रारूप समिति का गठन किया गया। इस समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे। संविधान समिति की 166 बैठकें हुई। संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 माह व 18 दिन लगे जिससे 395 अनुच्छेद और आठ अनुसूचियों वाला विशाल संविधान तैयार हुआ बाद में नौवीं और दसवीं अनुसूचियां और जोड़ दी गई। इसमें लगभग तीस हजार शब्द हैं।

1976 ई. के 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान की प्रस्तावना में दो शब्द ''समाजवादी'' और ''धर्मनिरपेक्ष'' जोड़ दिये गये साथ ही एकता के साथ अखण्डता को भी जोड़ गया है प्रस्तावना जो संविधान का सार और प्रत्येक धारा का आधार होती है, इस प्रकार है- ''हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रमुख सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुत्व बढ़ाने के लिए दृढ संकल्प होकर अपनी संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवम्बर, 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

26 जनवरी 1950 से भारत एक ''सम्पूर्ण प्रभुत्व




सम्पन्न गणराज्य'' हो गया। भारतीय संविधान विश्व के अन्य संविधानों की अपेक्षा बहुत अधिक विस्तृत है। हमारा संविधान धर्मनिरपेक्षता पर आधारित है इसमें धर्म को राजनीति से अलग रखा गया है। हमारे यहाँ सभी धर्मो का समान आदर किया जाता है। देश के नागरिकों के मूल अधिकार व कर्तव्य है मूल अधिकारों में (1) स्वतंत्रता का अधिकार, (2) समानता का अधिकार (3) शोषण के विरूद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार शिक्षा एवं संस्कृति का अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार। 18 वर्ष की आयु होने पर नागरिक को अपना मत देने का अधिकार आदि इस संविधान की विशेषताएँ हैं।

भारतीय संविधान में अधिकारों के साथ कर्तव्यों को निर्धारित किया गया हैं।

(1) संविधान का पालन करना उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना।

(2) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करना।

(3) देश की रक्षा करना तथा आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।

(4) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखना व हिंसा से दूर रहना।

(5) संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का संरक्षण करना।

(6) वैज्ञानिक और मानवतावादी दृष्टिकोण को विकसित करना।

राष्ट्रीय आन्दोलन में उच्च आदर्शों का पालन करना। सभी लोगों में भ्रातृ भावना का निर्माण करना।

हमारे देश का सर्वोच्च प्रधान राष्ट्रपति होता है संविधान में न्यायपालिका को कार्यपालिका के नियंत्रण से मुक्त रखा गया है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस सारे भारतवर्ष में उल्लास और उमंग के साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस का मुख्य उत्सव भारत की राजधानी दिल्ली में होता है तथा महामहिम राष्ट्रपति राष्ट्र को संदेश द्वारा संबोधित करते हैं। महामहिम राष्ट्रपति को जल, थल व वायु सेना के सैनिकों द्वारा तोपों की गूंज के बीच में शुभकामनाएं अर्पित की जाती हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

राजधानी के अतिरिक्त देश के हर राज्य के नगर व गाँव में यह उत्सव बड़े उत्साह से मनाया जाता है। प्रभात फेरियाँ निकाली जाती है। घर, कार्यालयों, विद्यालयों पर राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता है। देशभक्ति के गीतों और भाषणों का आयोजन होता है। शहीदों को याद करते हुए सभी भारतवासी देश की स्वतंत्रता का संकल्प लेते हैं। गणतंत्र दिवस एक पवित्र राष्ट्रीय पर्व एवं महान संकल्प का दिन है। यह भारत की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता की रक्षा करना व अमर शहीदों के प्रति हार्दिक श्रद्धा भावनाओं को प्रकट करते हुए महान महापुरुषों के जीवन दर्शन उनकी नीतियों और सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लेकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सही कदम उठाने का दिवस है।

संकलनकर्ता
**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109-एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर
मो.नं. 98871-22040

# जिला कलक्टर ने किया टांटिया नशामुक्ति केंद्र का अवलोकन





## • नशे से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें युवा: डॉ. मंजू

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने गत दिवस टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर में संचालित जे.आर. टांटिया चेरिटेबल नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का अवलोकन किया। यहां की व्यवस्थाओं को देखकर जिला कलक्टर ने सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय प्रयास बताया। यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया भी उनके साथ थे। नशामुक्ति केंद्र के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. विकास सचदेवा ने उन्हें नशामुक्ति केंद्र के बारे में विस्तार से बताते हुए जानकारी दी कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से अधिस्वीकृत इस केंद्र में नशे से ग्रस्त लोगों को नशामुक्त करने के लिए तीन महीने का पूर्णतः निशुल्क कोर्स करवाया जाता है। इस दौरान उनके आवास एवं भोजन के साथ काउंसलिंग एवं दवाओं की व्यवस्था भी निशुल्क रहती है। उन्होंने बताया कि केंद्र में वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विशु टांटिया एवं डॉ. अंकुश शर्मा नशे के आदि रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार देते हैं। डॉ. सचदेवा ने केंद्र की अन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र की ओर से समय-समय पर शहर में नशामुक्त वातावरण निर्माण के लिए कार्य किया जाता है। 'व्यसन मुक्त गांव' अभियान भी चलाया गया है। यातायात पुलिस एवं दुग्ध विक्रेताओं को नशामुक्ति का संदेश लिखे रिफ्लेक्टर भी उपलब्ध करवाए गए हैं। जिला कारागृह में भी बंदियों के लिए शिविर लगाकर काउंसलिंग करवाई जाती है। उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन की ओर से केंद्र को सम्मानित भी किया जा चुका है। नशामुक्ति केंद्र में ही संचालित किए जा रहे श्री मोहन आलोक पुस्तकालय के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। जिला कलक्टर ने पुस्तकालय देखा और हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी एवं राजस्थानी भाषा की पुस्तकें वहां पाकर उसे एक समृद्ध पुस्तकालय बताया। जिला कलक्टर ने रोगियों से बातचीत की और उन्हें नशे से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशामुक्ति केंद्र में पुस्तकालय संचालित करने को एक अच्छा कदम बताते हुए कहा कि पुस्तकों से जुड़कर हम बेहतर समाज बनाने में सफल हो सकते हैं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सुमित्रा बिश्नोई, सहायक कलेक्टर स्वाति गुप्ता, वरिष्ठ लेखाधिकारी योजना श्योराण, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार, यूनिवर्सिटी के सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर राजकुमार जैन, मेडिकल ऑफिसर डॉ. हेमंत, काउंसलर विकास रांगेरा सहित काफी लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक मैकेनिक की मौत

- अनूपगढ़ में हाईवे पर हुआ हादसा
- अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मारकर फरार

**जनमार्ग न्यूज**



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे 911 पर सड़क हादसे में 20 वर्षीय बाइक मैकेनिक की मौत हो गई। शुक्रवार रात को गांव 6 पी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गांव 6 एच पतरोडा निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है, जो अनूपगढ़ में बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर काम करता था। घटना उस समय हुई जब वह रात को दुकान बंद करके अपने घर लौट रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पवन की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर जमा हुई भीड़ ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल पवन को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसी ने घटना की सूचना पवन के परिजनों और पुलिस को दी। परिजनों द्वारा शव की पहचान के बाद पुलिस ने उसे अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। शव का पोस्टमॉर्टम आज किया जाएगा। मृतक के पिता का नाम जेठा राम है और वह परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था।

## प्रस्तावित कार्यालय स्थल पर कांग्रेस मनायेगी गणतंत्र दिवस

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस स्थानीय सुखाड़िया नगर मार्ग पर जिला कार्यालय के लिए प्रस्तावित स्थल पर मनाया जाएगा। कल रविवार प्रातः 9.15 बजे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर मगलानी ध्वजारोहण करेंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात मिष्ठान वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहली बार कांग्रेस द्वारा अपने प्रस्तावित कार्यालय स्थल पर गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। कार्यालय स्थल की पूर्ण रूप से साफ सफाई की गई।

# शॉल में आग लगने से 40 प्रतिशत झुलसी महिला

- चूल्हे पर नहाने के लिए गर्म कर रही थी पानी

**जनमार्ग न्यूज**



**चूरू।** चूरू के बाडेट में चूल्हे पर नहाने के लिए पानी गर्म करते समय महिला के शॉल में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उसके पूरे कपड़ों में फैल गईं। आग से महिला 40 प्रतिशत झुलस गई है। महिला रेशमा (27) की चीख सुनकर उसका देवर आदिल दौड़कर आया और परिवार के अन्य सदस्यों की मदद से आग को बुझाया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल निजी वाहन से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार रेशमा करीब 40 प्रतिशत झुलस गई है। फिलहाल उसका ट्रोमा सेंटर में इलाज जारी है। महिला के देवर आदिल ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ द्वारा रेशमा का इलाज किया जा रहा है।

JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

## पार्षद मनीष शर्मा 10वीं बार लगातार बीकानेर में मंडल स्तर पर होंगे सम्मानित



**सादुलशहर (जनमार्ग न्यूज)।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता पार्षद मनीष शर्मा बीमा व्यवसाय में शानदार कार्य करते हुए लगातार 10वीं बार मंडल स्तर पर बीकानेर में सम्मानित होंगे भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता मनीष शर्मा की उपलब्धि पर शाखा प्रबंधक रणजीत सिंह सीएलआईए वंदना श्रीवास्तव विनोद कुमार कंवलिया प्रतिष्ठित व्यापारी नोहित गर्ग गिरधारी लाल सरदासरिया सुखविंदर सिंह लालगढ़िया अरविंद मिड्ढा विशाल सेतिया व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल ढींगरा किरण यूनियन प्रधान अशोक सिंधी आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# तीन अलग-अलग कार्रवाई में 3 तस्कर गिरफ्तार

- 47 किलो पोस्त और शराब जब्त
- एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज

**जनमार्ग न्यूज**



**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी अरशद अली के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों और अवैध शराब की खेप पकड़ी है। संगरिया थाना पुलिस ने नाथवाना-किकरवाली रोड पर कार्रवाई करते हुए कार से 46 किलो 52 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। पुलिस ने मौके से जोधपुर के तिलवासनी निवासी विकास बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। वहीं टिब्बी थाना पुलिस ने थानाधिकारी हंसराज के नेतृत्व में सूरेवाला निवासी सुरजीत सिंह (55) को 611 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना पुलिस ने गोलूवाला निवासी रामगोपाल मेघवाल के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। जब्त की गई शराब में 16 बोतल अंग्रेजी शराब, 24 अद्दे, 144 पव्वे अंग्रेजी शराब और 144 पव्वे देशी शराब शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिला विशेष टीम और स्थानीय पुलिस की टीमों के सहयोग से की गई इन कार्रवाइयों में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रातःकालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-
Website:- www.janmarg.com
Youtube:- Janmarg News

## लिवइन पार्टनर ने की महिला की हत्या

**जनमार्ग न्यूज**

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में एक लिवइन पार्टनर ने महिला की हत्या कर दी। वारदात का खुलासा महिला की 5 साल की बेटी ने किया। जब रोते हुए वह पड़ोस में रहने वाले नाना के पास गई और कहा कि अंकल ने मम्मी को मारा और मम्मी उठ नहीं रही है। ये सुनते ही पिता तुरंत दौड़ कर बेटी के कमरे में गए। जहां उन्होंने चारपाई पर महिला को मृत पड़ा देखा। हत्या की खबर सुनते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना कंट्रोल रूम नंबर डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव को वहां से पुलिस एम्बुलेंस में सिविल अस्पताल लाया गया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुट गई है।

# अनूपगढ़ में प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला, 21 पदों को मंजूरी

- जिला रद्द होने के बावजूद एडीएम और एडिशनल एसपी कार्यालय जारी रहेंगे

**जनमार्ग न्यूज**



**अनूपगढ़।** राजस्थान सरकार ने अनूपगढ़ के प्रशासनिक ढांचे को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला स्तर समाप्त होने के बाद भी अतिरिक्त जिला कलेक्ट्रेट (एडीएम) और एडिशनल एसपी कार्यालय यथावत रहेंगे। विशिष्ट शासन सचिव नरेंद्र गुप्ता द्वारा जारी आदेश में एडीएम कार्यालय के लिए 21 पदों की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। एडीएम कार्यालय में स्वीकृत पदों में तीन एडीएम, तीन निजी सहायक, तीन सहायक प्रशासनिक अधिकारी, तीन वरिष्ठ सहायक, नौ कनिष्ठ सहायक और नौ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि समाप्त किए गए पदों को आईएफएमएस में अपडेट करना होगा। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एडिशनल एसपी कार्यालय भी जारी रहेगा, जिसके अधिकार क्षेत्र में अनूपगढ़, रामसिंहपुर, रावला, बांडा कॉलोनी, पुरानी मंडी घड़साना, रोजड़ी, 365 हैड, सूरतगढ़ सदर, राजियासर, जैतसर, कस्बा सूरतगढ़, बिरधवाल और थर्मल पावर स्टेशन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जिला बनने से पूर्व अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र रायसिंहनगर एएसपी कार्यालय के अधीन था, जबकि सूरतगढ़ श्रीगंगानगर एएसपी कार्यालय के अंतर्गत आता था। 28 दिसंबर को जिला रद्द होने के बाद भी नए आदेशों के तहत यह व्यवस्था बनी रहेगी।

# ट्रॉली के नीचे दबकर व्यक्ति की मौत



**जनमार्ग न्यूज**

**अबोहर।** फाजिल्का जिले के अबोहर के गांव सुखचैन में एक दर्दनाक हादसे ने एक परिवार को झकझोर कर रख दिया। बुधवार सुबह एक 36 वर्षीय मजदूर संजय की रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गई। संजय अपने तीन बच्चों - दो बेटों और एक बेटी का पिता था। घटना उस समय हुई जब संजय खेत से रेत लेकर अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में ट्राली का टायर पंक्चर हो गया। उन्होंने ट्राली के नीचे जैक लगाकर टायर बदलने का प्रयास किया, लेकिन अचानक ट्राली उनके ऊपर गिर गई। गांववासियों ने तुरंत उन्हें ट्राली के नीचे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सुनील ने बताया कि संजय दैनिक मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। इन दिनों वह अपने घर में रेत भरने का काम कर रहा था। दुर्घटना के बाद मृतक के शव को अबोहर के अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।

# नोजगे के बबनूर बराड़ का दबदबा कायम

- सब यूनियर व कैडेट्स नेशनल जूडो में जीता स्वर्ण पदक

**जनमार्ग न्यूज**




**श्रीगंगानगर।** परिंदों को मंजिल मिलेगी यह फैले हुए उसके पंख बोलते हैं। अकसर खामोश रहते हैं वह लोग हैं जिनके हुनर बोलते हैं। नोज़गे पब्लिक स्कूल के इस होनहार छात्र ने अपनी क़ाबिलियत के दम पर यह साबित कर दिया है कि अगर आपका लक्ष्य दृढ़ है तो कोई भी मुक़ाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सब यूनियर व कैडेट्स नेशनल जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व ज़िले को गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य निम्फिया एस रेड्डी ने बताया कि महाराष्ट्र जूडो एसोसिएशन एंड इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का आयोजन 18-25 जनवरी तक श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स, पुणे में हुआ। प्रिंसिपल ने बताया कि बबनूर सिंह बराड़ ने जूडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के फ़ाइनल में दिल्ली के भविष्य को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नोज़गे स्कूल के बबनूर सिंह (कक्षा-11) ने 90+ भारवर्ग में खेलते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ा। बबनूर सिंह बराड ने गत दो वर्षों से सीबीएसई का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक एवं सिल्वर पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बबनूर बराड की इस उपलब्धि पर नोजगे स्कूल के एमडी पीएस सूदन, प्रधानाचार्य निम्फिया रेड्डी, वा.शा. शि हरदीप सिंह बराड, कक्षा अध्यापक ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविश्य की कामना की। बबनूर सिंह अब इंडियन नेशनल कैंप में खेलेगा।

# फिरौती मांगने वाले आरोपी का निकाला पैदल जुलूस



**जनमार्ग न्यूज**

**चूरू।** चूरू की कोतवाली पुलिस ने रोहित गोदारा के नाम से फिरौती मांगने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को मुख्य बाजार में पैदल घुमाया। एसपी जय यादव के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और अपराधियों में भय पैदा करना था। कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया ने बताया कि आमजन में अपराधियों के प्रति जो भय है। उसको खत्म करने के लिए गिरफ्तार आरोपी झारिया निवासी आदिल उर्फ शेरा का मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकलवाया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी आदिल को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए। कोतवाली सीआई सुखराम चोटिया ने बताया कि सात जनवरी को शहर के इलियास कायमखानी ने मामला दर्ज करवाया था।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692